श्री पीयूष गोयलः मैं यह विषय खत्म तो कर दूं। यह पब्लिक एकाउंट्स कमेटी जो मेरी बनाई हुई नहीं है, यह एक पार्लियामेंट की कमेटी है। इस कमेटी ने इन लाइनों को non-viable पाया और चूंकि इस कमेटी ने एक रिपोर्ट में इन लाइनों को non-viable कहा, तो लोकल जनरल मैनेजर, ने उसकी जानकारी स्टेट गवर्नमेंट को देकर कहा कि इन रूटों में ट्रेन संचालन से हो रहे नुकसान में राज्य सरकार कुछ पैसा कंट्रीब्यूट करे तो उन ट्रेनों को चलाने में सुविधा होगी? यह परम्परा कोई मैंने या इस सरकार ने शुरू नहीं की। माननीया ममता बनर्जी जब रेल मंत्री थीं, तब भी ऐसी चिट्ठियां इश्यू की गई हैं। यह एक प्रक्रिया है पार्लियामेंट की, जो पी.ए.सी. की रिपोर्ट के ऊपर जनरल मैनेजर इश्यू करता है और उसके ऊपर मेरे colleague मनोज सिन्हा जी ने वहां जाकर आश्वस्त किया कि कोई ट्रेन बंद नहीं हो रही, तो बिना बात के इश्यू उठाकर कोई लाभ नहीं है।

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): ठीक है, धन्यवाद। Now, I have an announcement to make.

Hon. Members, on 7th February, Shri Derek O'Brien Member had raised an issue of not showing on Rajya Sabha T.V. first four to six minutes of his speech in Rajya Sabha on the Motion of Thanks on the President's Address and demanded that the matter be inquired into. He was supported by some other Members and the Leader of the Opposition. The Chair assured the agitating Members that the matter will be inquired into. Accordingly, a preliminary inquiry was conducted and it was found that there was a break in the live transmission of the Rajya Sabha from ...(*Interruptions*)... 1314 hours to 1318 hours–four minutes, when Shri Derek O'brien was speaking due to power failure. After the transmission resumed, the incident was regretted by the Rajya Sabha T.V. through a scroll. It was also flashed that the entire speech of Shri Derek O'Brien would be telecast in the evening at 2015 hours. Accordingly, the entire speech of Shri Derek O'Brien was telecast on the Rajya Sabha T.V. at 2015 hours. Hon. Chairman has, however, ordered a detailed inquiry into the matter.

Now, Shri Narendra Kumar Swain; not present. Shri C.P. Narayanan. ...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)...

SHRI C. P. NARAYANAN: Sir, I want to speak only on four points.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BASAWARAJ PATIL): You have four minutes.

SHRI C. P. NARAYANAN (Kerala): Sir, in the Centrally-sponsored schemes, the Central Government's share has been reduced and the State Governments are given the burden. ...(*Interruptions*)... Every State is being burdened with, whether it is education, health or other areas. This is one point that I want to mark. The second point is, for SC/ST, we used to allot from the Budget an amount proportional to their population in the country. Now, when the Five Year Plan has gone, NITI

[Shri C. P. Narayanan]
Aayog has brought a different scheme and because of that, every year, the allocation for SC/ST is going down very steeply affecting various programmes, which have to be implemented in their favour. My third point is regarding education and health. We claim that we are a country which has got the maximum number of young population. This is an advantage for us. But unless we educate them, feed them and keep them in good health this youth will become a burden on us. This is what is happening. The Right to Education Act, which is being implemented since a decade, has become very ineffective because every year budget allocation for the education is proportionately decreasing. Because of that, our claim that we can develop our youth as our major source of income, major source of wealth of the country in the coming decades has become a complete failure.

Regarding agriculture, my esteemed colleagues have spoken. Even though the Budget allocation is more than ₹ 13 lakh crores, actually it is ₹ 2.38 lakh crores only. More than ₹ 11.25 lakh crores are in the form of loans only. This amount has not been reflected in the Budget. It is the money given by the various banks but it is shown as given in the budget to the people. It is happening. Actually, the allocation for agriculture in the Budget is getting decreased year after. Because of these reasons, the farmers' suicides are increasing in various parts of the country. Unless we correct these mistakes our future will be very bleak. So, I think, a complete reversal of the policies of the Government regarding the Budget allocation is necessary. With these words, I conclude my speech. Thank you.

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): धन्यवाद। श्रीमती वंदना चव्हाण।

You have got three minutes, but I will give you five minutes.

SHRIMATI VANDANA CHAVAN (Maharashtra): Thank you so much, Sir. the senior Members have already made very eloquent points on economics, agriculture, railways, health plan, etc. Sir, with the limited time available, I will constrain myself only to dedicate my intervention for the children of the country, who are important stakeholders of India. Sir, this is for five reasons; one is the children under the age of 18 constitute 40 per cent of our population. They are voiceless. They are the hope of tomorrow. Last but not the least, I feel, it would be a befitting thing to do for all of us here on the 50th Anniversary of the Convention of Child Rights to which India is a signatory. In the Budget, there is always a hope that 6 per cent of the GDP is used for the education sector. However, it never happens. In spite of the reduced meager outlay, the Government has made some very welcome steps. But there are also some announcements which have been made which put us to doubt whether these will really see the light of the day. At the outset, I would like

to congratulate the Government for having taken steps to treat education holistically without segmentation from pre-nursery to class two. Sir, during the discussion on the National Education Policy, the Nationalist Congress Party was very emphatic that the Right to Education should have a backward and forward extension; backward from 0 to 6 because that is when the brain really develops, and later from 14 to later, we are all grassroot workers, we have realized that when the girl child finishes her primary education, 7th standard, most of the time, in the Government schools, she is married off. Once she is married off we know that she becomes a mother, and the child is malnourished, she becomes anaemic, and then, the entire family is pushed into impoverishment. Personally for me, the merging of primary and secondary education is one of the biggest highlights of the budget and, therefore, I would like to congratulate the Government. But it is worrying to see that though this holistic approach has been taken, there are different outlays for Sarva Shiksha Abhiyan and Rashtriya Madyamik Shiksha Abhiyan. Actually, if the intention of the Government was to merge the two, then the Budget provisions should have been together.

Secondly, the Government has announced the Eklavya Model Residential School. Surprisingly, they are not able to find the budgetary allocation in the school education budget. The Model Schools would see the light of day in 2022. As somebody has said before, whatever is not to be done is projected to be done in 2022. So, we really don't know whether it would see the light of day. On the one hand, the Budget talks about setting up of this chain of schools; on the other side, it cuts allocations of Kendriya Vidyalayas and Jawahar Navodaya Vidyalayas. In fact, as far as the higher education space is concerned, the total budgetary allocation for IITs has been decreased from ₹ 8,244 crores to ₹ 6,326 crores in 2018-19. There is a cut in the allocations for IIMs and the UGC. Education spending of the present Government in terms of total share of Central Budget has come down in the last four years. In 2015-16, it was 5.44 per cent; it came down to 4.68, then to 3.71 and now, this year, to 3.48 per cent, which is very, very alarming.

Then, Sir, the Government has laid stress on the use of technology in schools, leading us from blackboards to digital boards. It is, indeed, a welcome step. But if we do a reality check, the study reveals that only 62 per cent of all schools have electricity connections; 24 per cent have functional computers and nine per cent have an electricity connection and functional computers. Sir, one wonders how the operation of digital boards would take off. Even here, the School Education Budget document makes no mention of how this would be funded. In fact, it would be interesting to note that the budget for Digital India, e-learning, has come down from ₹ 518 crores to ₹ 456 crores.

Sir, I wish to say that while pushing technology, we have to realize that we cannot

[Shrimati Vandana Chavan]
take the place of teachers who are in flesh and blood. On the one side, we see the use of technology and, on the other we see that today one million teachers' posts are lying vacant, nine lakh in elementary school and one lakh in secondary schools.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BASAWARAJ PATIL): You have one minute left.

SHRIMATI VANDANA CHAVAN: Teachers' training programmes have not taken off. Therefore, this needs to be looked into. We talk about inclusive education but, unfortunately, our teachers have not been trained to identify the disabled, children with learning disabilities and so on.

Sir, if you keep looking, I really feel under pressure. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BASAWARAJ PATIL): No, no. ...(*Interruptions*)...

SHRIMATI VANDANA CHAVAN: Also, Sir, it is very important that we have to be aware and sensitive about children's safety and the provisions of POCSO. Today, there are so many offences which are taking place against children, and it is very important that teachers know about provisions of the POCSO.

Sir, I would not touch upon health because I know I am running out of time, but here too, there is something that we really need to do because the budgetary allocation for health is merely five per cent higher than the earlier year.

I want to touch upon protection of children from abuse. This is very important. Sir, India is witness to increasing cruelty, abuse and violence against children. We know that the allocation for the National Commission for Protection of Child Rights (NCPCR), which is mandated to investigate into instances of physical and psychological abuse, has been slashed...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BASAWARAJ PATIL): The time allotted to you is over.

SHRIMATI VANDANA CHAVAN: Just one minute, Sir. Their Budget has been slashed down to 32 per cent.

Sir, I would just touch upon two points. Sir, the situation in the Observation Homes is very poor. They need our attention. I think the whole House has to join and make sure that the situation of the Observation Homes improves.

Climate change is one last issue which I feel has not been addressed by the Finance Minister. The Government should have made provisions because these children are the citizens of tomorrow and they need to live healthy lives. Thank you very much.

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): धन्यवाद, वंदना जी।

श्री नरेश अग्रवाल (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आज एक सदस्य बीमार हो चुके हैं। जो माननीय सदस्य खड़े हैं, उनमें से एक महिला सदस्य भी हैं, ऐसे तो ये बीमार हो जाएंगी, आप इस पर कोई decision लीजिए। यह अच्छा नहीं लगता है, आप इस समय चेयर पर बैठे हुए हैं और इस तरह से अन्य सदस्य खड़े रहें। ठीक है, उनकी अपनी पीड़ा है, आप उनके स्टेट के साथ ज्यादती कर रहे हैं, तो उनके साथ ...**(व्यवधान)**... आप कुछ भी करिए। अगर किसी की तबीयत खराब हो गई ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): मैंने रमेश जी से कहा है कि कम से कम बहन जी बैठ तो जाएं। मैंने उनको बैठने के लिए कहा है। मैंने यह भी कहा है कि खड़ा रहना ठीक नहीं है और आप अपनी सीट पर बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**...

श्री नरेश अग्रवाल: लेकिन ऐसे अगर कोई बात हो गई, तो जिन्दगी में इसका दोष आपके ऊपर जाएगा, क्योंकि चेयर पर आप बैठे हैं। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): हां, ठीक है।

श्री नरेश अग्रवाल: माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आप अपने ऊपर दोष क्यों ले रहे हैं? आप इसका कोई समाधान निकालिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): श्री राम कुमार कश्यप आपके पास बोलने के लिए तीन मिनट का समय है।

श्री राम कुमार कश्यप (हरियाणा): उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय वित्त मंत्री जी ने एक फरवरी को बजट प्रस्तुत करना था, उससे एक दिन पहले मैं विचार कर रहा था कि वित्त मंत्री जी बजट में क्या लाने वाले हैं। मेरे मन में अचानक विचार आया कि कई सालों से एम.पीज. के वेतन का मामला अटका पड़ा था, मैंने मन बना रखा था कि अबकी बार एम.पीज. के वेतन और भत्तों के बारे में, मैं सदन में मांग रखूंगा। माननीय वित्त मंत्री जी ने पहले ही एम.पीज. के वेतन और भत्तों का प्रावधान कर दिया है और इसके लिए मैं वित्त मंत्री जी को सैल्यूट कर दिया है, यह इसलिए नहीं कि उन्होंने वेतन और भत्तों का प्रोविजन किया है, बल्कि उन्होंने कितने अच्छे तरीके से प्रोविजन किया है कि हर पांच साल बाद एम.पीज़ की सैलरीज़ रिवाइज़ हो जाएगी। वह तो इसको दूसरे तरीके से भी कर सकते थे कि इतना एम.पीज़. का वेतन होगा, इतना उनका भत्ता होगा, जैसे कि राष्ट्रपति जी के बारे में किया है, परन्तु वित्त मंत्री जी ऐसी घोषणा करते, तो हमारे मीडिया के जो साथी है, वे उसको इतना उछाल देते, वे मोटे-मोटे अक्षरों में लिख देते कि एम.पीज़. ने अपना वेतन बढ़ा लिया और किसी को कुछ नहीं दिया है। इसके लिए मैं वित्त मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्र के निर्माण में किसानों का बहुत बड़ा योगदान है। यह किसानों की ही मेहनत है, जिसके कारण आज हम अनाज के मामले में आत्मनिर्भर हैं, परन्तु खुद किसान की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गयी है, क्योंकि आज खेती करना घाटे का सौदा हो गया है। बीज महंगा हो गया है, खाद महंगी हो गयी है, डीजल महंगा हो गया है और यहां तो बेमौसम बरसात से फसल खराब हो जाती है, इससे भी किसान की दयनीय स्थिति हो जाती है। किसान

[श्री राम कुमार कश्यप]

को उसकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलता है, इसलिए भी उसकी आर्थिक स्थिति खराब हो गयी है। वैसे तो माननीय वित्त मंत्री जी ने किसानों की खुशहाली के लिए, उनको राहत देने के लिए कई घोषणाएं की हैं, उसमें सबसे मुख्य बात यह है कि सरकार ने किसानों की उत्पादन लागत का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने का वायदा किया है। यह जो वायदा किया है, आने वाली गर्मियों में जो फसलें आएंगी, जो खरीफ की फसल है, उसके लिए वायदा किया है। मैंने अखबारों में पढ़ा है कि जो समर्थन मूल्य है, जो सर्दियों की फसलें हैं, जो रबी की फसलें हैं, उनको समर्थन मूल्य बढ़ाने का काम तो पहले ही कर दिया है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह जानना चाहूंगा कि हमारी जो सर्दियों की फसलें हैं, क्या उनको भी डेढ़ गुना समर्थन मूल्य दे दिया गया है? मैं यह भी जानना चाहूंगा कि आने वाले समय में धान का समर्थन मूल्य क्या होगा, जैसे पिछले साल धान का समर्थन मूल्य 1,590 रूपये प्रति क्विंटल रेट था, अगर पिछले साल की ही लागत को मान लिया जाए, तो अब आने वाले समय में जो डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने का वायदा किया गया है, वह कितना हो जाएगा? जैसा कि भूपेंद्र यादव जी कहा कि जो भूमिहीन किसान खेत को ठेके पर लेकर, लीज़ पर लेकर खेती करते हैं, उनको 30,000 से लेकर 50,000 तक में ठेके पर लेना पड़ता है, उनको भी समस्या आती है। इस बार यह प्रावधान किया गया है कि उनको सस्ते ऋण की सुविधा मिलेगी, यह सरकार का बहुत अच्छा फैसला है। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि जिस प्रकार से किसानों को क्रेडिट कार्ड मिलते हैं, क्या भूमिहीन किसानों को, लीज़ पर खेती करते हैं, उनको भी उसी प्रकार से क्रेडिट कार्ड मिलेंगे?

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं हरियाणा से संबंध रखता हूं। हरियाणा में जो एसएलवाई है, उसकी बड़ी समस्या है। आप जानते हैं कि फसल के उत्पादन के लिए पानी की बहुत जरूरत होती है। अगर फसल को समय से पानी नहीं मिलेगा, तो फसल पैदा नहीं हो सकती है। हरियाणा को एसएलवाई का पानी नहीं मिलने से किसान परेशान हैं, एसएलवाई का पानी दक्षिण हरियाणा के किसानों को नहीं मिल रहा है। हरियाणा में लगातार भूजल का स्तर गिरने से पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। हरियाणा एक ऐसा राज्य है, जो गेहूं एवं धान के मामले में पंजाब के बाद सबसे बड़ा योगदान कर रहा है। लेकिन पानी की विकट समस्या के कारण हरियाणा का किसान स्वयं को लाचार महसूस कर रहा है। एसएलवाई पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद भी पंजाब हरियाणा के कि का पानी नहीं दे रहा है। अतः मेरी इस मामले में केंद्र सरकार से अपील है कि वह इस समस्या का हल निकाल कर हरियाणा के हिस्से का पानी दिलवाने का काम करें ...(**समय की घंटी**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): ठीक है, आप समाप्त करिए।

श्री राम कुमार कश्यप: ताकि हरियाणा के किसानों को खेती के सिंचाई के लिए पानी मिल सके। महोदय, एक मिनट और लूंगा। महोदय, वित्त मंत्री जी ने 600 रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने की घोषणा की है। मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं और चूंकि मैं कुरुक्षेत्र, हरियाणा से आता हूं, उनसे मांग करता हूं कि कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन को भी अंतर्राष्ट्रीय लेवल की सुविधा दी जाए क्योंकि कुरुक्षेत्र एक धार्मिक और ऐतिहासिक जगह है। यहां पर भगवान कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया और कौरव पांडवों का युद्ध हुआ। यहां पर ब्रह्म सरोवर है, जोकि एशिया का सबसे बड़ा तालाब है और यहां सूर्य ग्रहण के समय लाखों श्रद्धालु स्नान करते हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): धन्यवाद।

श्री राम कुमार कश्यप: सर, अंत में एक कविता की कुछ पंक्तियां उद्धृत करना चाहूंगा–

"पसीने की स्याही से जो लिखते हैं इरादों को,
उनके मुकद्दर के सफेद पन्ने कोरे नहीं होते।
ख्वाहिश बस इतनी सी है कि लोग मेरे लफ्जों को समझें,
आरजू यह नहीं कि लोग वाह-वाह करें।"

धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): श्री डी. राजा। आपके लिए 3 मिनट का समय है।

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Sir, if you do not want me to speak, I will not speak. ...(*Interruptions*)...

श्री नरेश अग्रवाल: माननीय उपसभाध्यक्ष जी...

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): आप बैठिए।

SHRI D. RAJA: You take the sense of the House. ...(*Interruptions*)... You take the sense of the House. ...(*Interruptions*)...

श्री नरेश अग्रवाल: सर, मैं आंध्र प्रदेश के agitated Members की बात कर रहा हूं। सर, जब आपने यह परंपरा बनायी है कि आप disturbed House में बहस करा रहे हैं, तो कम-से-कम इन्हें कुर्सी allow करा कर नई परंपरा शुरू कर दीजिए।

SHRI D. RAJA: You take the sense of the House. ...(*Interruptions*)...

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): ठीक है, बैठिए। श्री डी. राजा जी, बोलिए।

SHRI D. RAJA: Thank you, Sir. Before I speak on the Budget, I would like to make it very clear that my party expressed its solidarity with the people of Andhra Pradesh. Politically, morally I am obliged, I am committed to support the demand of the people of Andhra Pradesh. Sir, the Prime Minister made a speech in this House and he has admitted that the Government is a continuing one. If that is so, the present Government should honour the promises, assurances given by the previous Government, given by the then Prime Minister, Dr. Manmohan Singh, at the time of bifurcation of Andhra Pradesh, now the newly-emerged State of Andhra Pradesh. So, I express my solidarity; I give my support. Sir, coming to the Budget, this Budget is the reflection of Government's thinking, how the Government is going to generate revenue, how the Government is going to distribute, redistribute the wealth that is being created in this country. Sir, I find this Government suffers from ideological,

[Shri D. Raja]

philosophical bankruptcy and it suffers from ideological, philosophical hypocrisy. Why and how, I give the reasons. Sir, this is the Economic Survey given by the Government. Page 10 of the Economic Survey talks about IT. Now the IT sector is confronting governance challenges as its model of providing low cost programming for foreign clients comes under threat from rapid technological change. If they have stopped there, I have no problem, but, they go beyond that. So, one might say that India has moved from crony socialism to stigmatized capitalism. What is crony socialism, Sir? What is stigmatized capitalism? Does the Government have any understanding of it? This is why I am saying that you are suffering from ideological bankruptcy; you are suffering from ideological hypocrisy. ...(*Interruptions*)... That is what I am saying. If you talk about stigmatized capitalism, what do you mean by stigmatized capitalism? It is you who are building crony capitalism, corporate capitalism in this country. That is what your Budget reflects. ...(*Interruptions*)... You listen to me. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BASAWARAJ PATIL): Mr. Raja, you talk to me ...(*Interruptions*)... Don't tell them.

SHRI D. RAJA: Okay. This is my first observation about this Budget. What is the revenue generation? What is the attempt by this Government for revenue generation? That is the primary objective of Budget. Budget is meant for revenue generation. What is the Government's approach? The Government says—corporate tax will be reduced to 25 per cent for companies which have a total turnover of ₹ 250 crores.' It means, by this, the revenue foregone is ₹ 7,000 crores. It does not end there. Revenue foregone means, it is a profit to the corporate houses. Sir, there are companies and industries, that got benefitted by the corporate income tax, excise duty and customs duty, which do not invest in labour intensive or job creating activities, but still the Government continues to dole them out of concessions. Sir, this is despite the fact, there is no reduction in corporate income tax or excise duty or customs duty. So, the revenue foregone would be definitely more than ₹ 2,45,000 crores. This goes to corporate houses as concessions. If you want to challenge me, you challenge in Parliament or outside Parliament. If you want to challenge, we will challenge each other and this is what you are doing. Revenue foregone means what? You are doling out concessions to the corporate houses and you are making them move further. Sir, this is my first accusation. This is the wrong number one this Government is committing. The former Finance Minister, Shri Chidambaram talked about triple *jhumlas*. I am talking triple wrongs. The first wrong is... ...(*Interruptions*)... This is what I am saying.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BASAWARAJ PATIL): Rajaji, only six persons are there. You have got three minutes. Already five minutes are over.

SHRI D. RAJA: Yes, Sir, we will extend. Take the sense of the House if you are so keen. Since yesterday we have been waiting.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BASAWARAJ PATIL): It is true, but I am telling you your time.

SHRI D. RAJA: I agree, Sir. I respect the Chair. You are very seasoned, senior Parliament Member. That is why I am asking. If I don't speak sense, you tell me; I will sit down.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BASAWARAJ PATIL): You complete in two minutes.

SHRI D. RAJA: Sir, the second blunder I consider is, for revenue generation, this Government talks about disinvestment of public sector undertakings. Already the Finance Minister has pointed out 24 public sector undertakings. Sir, it means privatization. You talk about developing infrastructure, but you are talking about privatization of Railways, many key operations of Railways will be privatized under PPP model and you are talking about privatization of Air India and Air India can emerge as one of the best airlines in the world. It has expertise. It has experienced manpower and it has infrastructure, but why do you want to sell Air India which is the pride of the nation. It is a national air carrier and you want to sell it off and you want to break it into four and you want to sell it one by one. What is this approach? That is where I think this Government's approach is very flawed. ...(*Interruptions*)...

You talk to the Chair. If you have any point, talk to the Chair. I am addressing the House.

श्री तपन कुमार सेन (पश्चिमी बंगाल): आपने घाटा देखा है, हिसाब किया? ...(**व्यवधान**)... किसको घाटा बोलते हैं, कुछ समझते हैं? ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): आपस में बात नहीं करनी है, इनको बोलने दीजिए।

SHRI D. RAJA: Sir, I am not talking about infrastructure only. What is the Government going to do with Railways, Air India, Defence and other infrastructure? I want to ask you about FDI in Defence production. How does it strengthen the national sovereignty? I am asking you about FDI. What about the Indian corporate houses? They are allowed to go out and invest wherever they can for their profit. But, you are begging before foreigners to come and make in India. You are pleading

[Shri D. Raja]

with other foreign companies, that too in Defence production! You are closing down all our Ordinance factories! You are closing down all our Defence units! And, you are inviting FDI into our Defence production! Is it alright? I am asking the Government. Sir, it just does not stop there. You are privatizing education! You are privatizing healthcare! What is the National Health Protection Scheme you are talking about? Is it not to help foreign and private insurance companies? You are not investing enough money on public health and on public education. What is the condition of our schools? What have you allocated for these in this Budget? You think it over. I am asking the hon. Finance Minister. What is the allocation in the Budget for education as a whole? It has gone down. And, what is the allocation for school education? What is the allocation for higher education? What is the allocation for public health? I am asking you. ...(*Time-bell rings*)... We are talking about our people becoming poorer and poorer because they have to spend more on education and healthcare. Is this what we are talking about?

Sir, finally, I wish to speak about the youth of this country. The Government talks about employment. As per the ILO Report, 77 per cent of workers in India will have vulnerable jobs by 2019; I am not talking about 2020 or 2022 which the Government talks about. I am talking about the next year — 2019. Sir, 77 per cent of workers in India will have vulnerable jobs. The Report further says that 18.9 million people will be unemployed by 2019. Added to that, if 77 per cent workers have vulnerable jobs, it would be an alarming situation. Do you understand the gravity of the situation? It is not just unemployment; it is also a question of under-employment. This Budget did not address these issues!

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): धन्यवाद।

SHRI D. RAJA: I come to economic inequality. The hon. Prime Minister went to Davos to address the World Economic Forum. I felt happy. Sir, the Indian Prime Minister, for the first time, went to the World Economic Forum and addressed it. I felt happy. I have no problem with that. But, the problem here is this. The annual Oxfam Survey released recently. What it says? This is what the Government should understand. It says that richest 1 per cent cornered 73 per cent of wealth generated in this country. Why this inequality? Why is this economic inequality?

THE VICE-CHIRMAN (SHRI BASAVARAJ PATIL): Okay, Mr. Raja. Please, conclude. I have extended your time thrice.

SHRI D. RAJA: Sir, I will finish. Oxfam India CEO, Ms. Nisha Agrawal, says that it is alarming that the benefits of economic growth continue to concentrate in fewer hands. She also said that the billionaire boom is not a sign of a thriving

economy but a symptom of a failing economic system. Those working hard, growing food for the nation, building infrastructure, working in factories are struggling to fund their children's education, buy medicines for family members and manage two meals a day. The growing divide undermines democracy and promotes corruption and cronyism. ...(*Interruptions*)...

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): धन्यवाद डी. राजा जी।

SHRI D. RAJA: Sir, this is what the Budget is all about.

Finally, I wish to speak about SC/ST. Allocation to SC/ST is not as per the directives of the erstwhile Planning Commission and the accepted norm. On the one hand, the Government claims that it is spending more on SC/ST, but, on the other, allocation to Scheduled Caste Component Plan and the Sub-Plan is very meager. And, there is no law and there is no directive from the Government to provide them adequate money which they need. This is what I am asking. This Budget is not a growth-oriented Budget. This Budget is a failure. This Budget is anti-poor. It does not help India to move forward and progress. This is my observation. Let the hon. Finance Minister reply. I will ask the hon. Finance Minister what he is going to say on all these issues. Thank you.

श्री राजीव शुक्ल (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष जी, सबसे पहली बात तो यह है कि बजट भाषण के सारे प्वॉइंट्स तो राष्ट्रपति जी के अभिभाषण की चर्चा में ही डिस्कस हो गए हैं। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में जो बातें नहीं थीं, जैसे किसानों के लिए जो एक योजना घोषित हुई थी और दूसरी हेल्थ स्कीम की योजना थी, ये दोनों बातें राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में नहीं थीं, बजट में थीं। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण की चर्चा में इन बातों पर बहस हो गई और प्रधान मंत्री जी ने भी उनका जवाब दे दिया। इसलिए ये योजनाएं मिक्स, गड्डमगड्ड हो गईं। इन दोनों पर समझ में नहीं आ रहा कि क्या बोलें, क्या न बोलें!

महोदय, सबसे पहले मैं भी उन्हीं मुद्दों को उठाना चाहूंगा, जो चिदम्बरम जी, जयराम रमेश जी और दूसरे बाकी सदस्यों ने उठाए। आज की तारीख में किसान की हालत बहुत खराब है, आप कुछ भी कहें। आप कितना भी कहें कि यह कर दिया, वह कर दिया, लेकिन हालत यह है कि न तो किसान को उसकी उपज की कीमत मिल रही है, न उसको खाद-बीज उचित कीमत पर मिल रहा है और न उसकी एग्रीकल्चर से कमाई हो पा रही है। उसके लिए जो प्रभावकारी उपाय हैं — वे प्रभावकारी उपाय, जैसे खाद की कीमत को सस्ता करना, बीज की कीमत को सस्ता करना, सिंचाई की सुविधाएं बढ़ाना, उस तरफ इस बजट में कोई एलोकेशन नहीं है। इन्होंने जो कहा है कि हम डेढ़ गुना कर देंगे, उसकी लागत के ऊपर उसको पचास प्रतिशत देंगे, तो सवाल जो उठाया था, उसको मैं आम आदमी की भाषा में कहता हूँ कि उसकी लागत कौन तय करेगा? लागत तो ऑफीसर्स तय करेंगे, ब्यूरोक्रेट्स तय करेंगे, सरकार तय करेगी और वे कह देंगे कि आपकी लागत तो चार रुपए है, तो किसान कैसे बताएगा कि नहीं, साहब, लागत चार रुपए नहीं बल्कि दस रुपए है! आप तो चार रुपए के हिसाब से बढ़ा कर छह रुपए दे देंगे, जबकि

[श्री राजीव शुक्ल]

उसकी एक्चुअली लागत तो आठ से दस रुपए के बीच में आएगी, तो वह कैसे दिखाएगा? यह एक बहुत बड़ा* है, जिसको वित्त मंत्री जी को स्पष्ट करना चाहिए कि जो लागत है, उसका बेस प्वॉइंट क्या होगा, किस आधार पर उसका मूलभूत आधार बनेगा, यह तय होना चाहिए। हम तो कहते हैं कि आप सीधी घोषणा कर दो, जो आपके लिए बहुत आसान है कि जो मनमोहन सिंह जी की सरकार समर्थन मूल्य दे रही थी, वही हम देंगे। उससे किसान खुश हो जाएगा। ...(**व्यवधान**)... आप ऐसा करने से बच रहे हैं, ऐसा करने से आप डर रहे हैं। यूपीए सरकार ने जो समर्थन मूल्य तय किया था, अगर आप कहेंगे कि वह हम करेंगे, तो आपकी भी वाहवाही हो जाएगी। इसमें कौनसी इज्जत घट जाएगी? ...(**व्यवधान**)... यह घोषणा आप वित्त मंत्री जी से करवा दें, क्योंकि आपका जो यह कृषि का है, मैं तो योजना आयोग में रहा हूँ, जो पहले 2.38 परसेंट था, वह 2.36 परसेंट होकर बजट में कम हो गया है, तो आप कहां से करेंगे? ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): शुक्ल जी, आप ऐसा बोलिए कि यह सरकार कहां से करेगी! आप करके बोलेंगे, तो लगेगा कि आप उधर बात कर रहे हैं।

श्री राजीव शुक्ल: महोदय, आपकी तरफ देखकर बोलूंगा। चार प्रतिशत जो ग्रोथ होनी थी, वह तो सपना हो गया। एग्रीकल्चर की ग्रोथ तीन प्रतिशत से नीचे की हो गई है, जिसको बढ़ाने का काम सरकार को करना चाहिए।

महोदय, हेल्थ स्कीम की योजना बहुत अच्छी योजना है। यदि यह सच में लागू हो जाए, तो उसका बहुत फायदा मिलेगा। ...(**व्यवधान**)... आप बोलो, लेकिन यहां न तो अमित शाह जी बैठे हैं, न मोदी जी हैं, कोई मंत्री नहीं बनाएगा, क्यों अपना टाइम बरबाद कर रहे हैं? ...(**व्यवधान**)... आप मुझे चुपचाप सुन लीजिए। जब वे हों, तो बोलो, हम भी आपकी मदद करेंगे। अभी दोनों यहां नहीं हैं, न दोनों टीवी देख रहे हैं, इसलिए क्यों अपना गला खराब कर रहे हो? ख्वामख्वाह में टोरेक्स, कोरेक्स खानी पड़ेगी। इसलिए अभी आराम से बैठो। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): राजीव शुक्ल जी, अभी आपका एक मिनट है।

श्री राजीव शुक्ल: नहीं, एक मिनट कैसे हो सकता है? महोदय, तीन मिनट को तेरह मिनट। हमारा तो बहुत टाइम है, उसमें हमारा पंद्रह मिनट लिखा हुआ है।

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): अभी आपका एक मिनट है।

श्री राजीव शुक्ल: राजा जी को तीन मिनट के तेरह मिनट दे दिए। मेरा जो पंद्रह मिनट है, उसके पैंतालीस मिनट होने चाहिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): आप राजा जी से कम्पेयर मत कीजिए।

श्री राजीव शुक्ल: कम्पेयर क्यों न करें? ऐसा मत कीजिए। ...(**व्यवधान**)... एक मिनट में तो हमारी बात ही नहीं हो पाएगी। फिर हम भाषण देने के लिए क्यों खड़े हुए हैं? हमारा कांग्रेस पार्टी का टाइम बहुत बाकी है। आप देखिए, 31 मिनट बाकी हैं। आप क्या बात कर रहे हैं?

---

*Expunged as ordered by the Chair.

4.00 P.M.

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): आपके सात सदस्य बोलने को बाकी हैं।

श्री राजीव शुक्ल: महोदय, इस तरह तो सारा टाइम बरबाद हो रहा है। तो यह जो स्वास्थ्य योजना है, एक अच्छी स्कीम है, लेकिन इसमें समस्या यह है कि इसका फायदा कहीं नर्सिंग होम्स न ले लें, कहीं डॉक्टर्स न ले लें, क्योंकि इसमें प्राइवेट नर्सिंग होम मिला हुआ है। या तो गवर्नमेंट हॉस्पिटल्स के लिए होता कि उनको वह पैसा जाएगा, तो काम हो सकता था। इसमें प्राइवेट नर्सिंग होम्स फर्जी बिल्स लगाएंगे और इसका पूरा फायदा बीमा कंपनियों से मिल कर लेंगे। इसलिए इसमें भी प्रिकॉशन लेने की बहुत जरूरत है। यदि संभव हो, तो इस पैसे को सीधे उसके खाते में ट्रांसफर किया जाए, जिससे उसका फायदा होगा, वर्ना क्या होगा कि दस करोड़ लोगों को अगर एक लाख रुपए भी देने पड़े तो दस लाख करोड़ रुपए का प्रोविजन चाहिए। वह कहां से आएगा? इसलिए मुझे इसमें भी संदेह लग रहा है। फिस्कल डेफिसिट के बारे में सरकार की घोषणा थी कि तीन परसेंट से ऊपर कभी नहीं जाने देंगे, जो इस बार 3.5 परसेंट बजट में दिखाया गया है, इसके बारे में वित्त मंत्री जी कुछ स्पष्टीकरण दें, तो अच्छा रहेगा।

महोदय, महंगाई का जहां तक सवाल है, सभी यह सवाल पूछ रहे हैं, जैसा नीरज जी ने और सभी ने पूछा, कि विश्व बाजार में जो पेट्रोल और डीजल का दाम गिरा, उसका फायदा क्यों नहीं मिल पा रहा है? सर, आज की तारीख में इस समय दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 75 रुपए प्रति लीटर है और डीजल 64 रुपए प्रति लीटर है। इससे महंगाई रुक ही नहीं सकती, क्योंकि इसका सीधा असर महँगाई पर पड़ता है। इसके लिए सरकार ने इतने दिनों में कुछ न कुछ किया, लेकिन अब consumer को कितना फायदा pass on होता है, वित्त मंत्री जी को यह बताने की कृपा जरूर करनी चाहिए।

सर, मैं यह पूछना चाहता हूँ कि exports क्यों down हो रहे हैं? अभी दावोस में भी प्राइम मिनिस्टर ने promise किया, लेकिन इसके बाद भी हमारा export 30 मिलियन से 23 मिलियन तक आ गया। यह क्यों down हो रहा है? इसकी वजह से बहुत समस्या आएगी। इसलिए इस तरफ भी सरकार को देखना चाहिए।

सर, एक बात, जो हमने बीच में वित्त मंत्री जी से पूछी थी कि फिक्की के सम्मेलन में Morgan Stanley ने कहा था कि 6 हजार entrepreneurs बाहर चले गए, यहां से परेशान होकर, क्योंकि उनको इतना तंग किया जा रहा है, विभाग के अधिकारीगण उनके पीछे इतना पड़े हैं, इतने notices दिए जा रहे हैं कि इसकी वजह से वे चले गए। अगर entrepreneurs बाहर चले जाएंगे, तो नौकरियां कौन देगा? रोजगार तो सीधे-सीधे उनसे जुड़ा है, गवर्नमेंट तो दे नहीं सकती। इसलिए private entrepreneurs में जो डर या भय है और वे बाहर जा रहे हैं, तो रोजगार कौन देगा, इसके लिए भी कदम उठाने चाहिए।

यह सही है कि Corporate Sector के 250 करोड़ तक के turnover पर 25 परसेंट टैक्स कर दिया है, जो अच्छी चीज है, लेकिन अब जो cess लगाया गया है, उसका कितना impact आएगा, अगर इस मामले में भी वित्त मंत्री जी स्थिति स्पष्ट कर सकें, तो बहुत अच्छा है। ...**(समय की घंटी)**...

[श्री राजीव शुक्ल]

सर, GST को लेकर एक समस्या यह आ रही है कि लोगों को कर्ज लेकर GST अदा करना पड़ रहा है। अगर आप इसका कुछ निदान निकालें कि किस तरह से जो व्यापारी और दुकानदार हैं, अगर उनको समय-सीमा की कुछ ऐसी सुविधा हो, ताकि उनको वह दिक्कत न हो, तभी मुझे लगता है कि सुधार हो सकता है और GST को लोग स्वीकार कर लेंगे, वरना अगर बैंक से कर्ज लेकर GST देना पड़ा, तो लोगों को बड़ी दिक्कत आएगी।

सर, आज एक बड़ी अच्छी चीज हुई है, हम तो इसकी तारीफ करेंगे। यह Money Bill के जरिए हुई, लेकिन चूँकि वह वित्त से सम्बन्धित है, इसलिए मैं इसका ज़िक्र कर रहा हूँ कि judiciary की बात सुन कर और उनकी मांगों को मान कर जजों की तनख्वाह 2.5 लाख रुपए कर दी गई है। हाई कोर्ट तक के जजों की तनख्वाह 2.5 लाख रुपए कर दी गई है। चलो, अच्छी बात है, हम स्वागत करते हैं कि यह अच्छी चीज है। अब उनकी तनख्वाह तो 2.5 लाख कर दी गई है, लेकिन आप judicial reforms तो लाइए। हर चीज में reforms हो रहे हैं, क्रिकेट में हो रहे हैं, हॉकी में हो रहे हैं, मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया और सबमें reforms हो रहे हैं, लेकिन judiciary में कोई reform ही नहीं हो रहा है।

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): राजीव शुक्ल जी, आप समाप्त कीजिए। अब अगला नाम आएगा।

श्री राजीव शुक्ल: देखिए, 3 मिनट वाले को आपने 13 मिनट दिए, तो आपको मेरे साथ क्या problem है?

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): अभी आपके 7 और लोगों को बोलना है।

श्री राजीव शुक्ल: नहीं, नहीं, ऐसा नहीं है। मैं अभी और बोलूँगा।

मैं कहना चाहता हूँ कि आप judiciary के लिए कोई reform ही नहीं रखते हैं, आप कोई बात ही नहीं करते हैं, सरकार भी नहीं करती है। एक NJAC बना, उसके बाद उसमें कोई प्रगति नहीं है। अगर इसके बारे में भी मंत्री जी स्पष्टीकरण दें, तो बहुत अच्छा होगा।

अब मैं एक मिनट समय रेलवे पर लूँगा, क्योंकि इसमें रेलवे का बजट मिला दिया गया है और इससे रेलवे पर चर्चा होनी बंद हो गई है। अब कोई रेलवे की बात ही नहीं करता, बजट में इसकी कोई चर्चा ही नहीं करता। रेलवे का जो बजट है, मुझे लगता है कि लोग उससे खुश नहीं हैं, क्योंकि पहले दिन उसका सूचकांक 5 परसेंट गिर गया। इसकी operational cost 95 प्रतिशत बताई गई है। इसका मतलब है कि रेलवे में सुधार करने के लिए, infrastructure बनाने के लिए और बाकी काम करने के लिए सिर्फ 5 परसेंट का cushion है। यह कैसे हो पाएगा, क्योंकि हाल यह है कि सारी रेलों का refurbishment करना है और नई रेल लाइनें बिछानी हैं। इसके लिए पैसा कहां से आएगा? Quality services provide करने के लिए पैसा नहीं है। अभी Civil Aviation का data आया है कि यह almost बराबर हो रहा है, air passengers और railway passengers में थोड़ा ही अंतर रह गया है। लोग अब जहाज से चलना ज्यादा prefer कर रहे हैं, क्योंकि उनको रेलवे में सुविधा नहीं मिल पा रही है, पैसा ज्यादा देना पड़ता है, टाइम की बर्बादी भी बहुत हो रही है और समय से trains भी नहीं चल पाती हैं। इसलिए यह जो अंतर पहले बहुत होता था, अब कम होता जा रहा है। अभी 400 जहाज और order हुए हैं। अगर वे

आ गए, तो रेलवे बहुत बुरी स्थिति में फंस जाएगी, क्योंकि लोग जहाज से जाना ज्यादा prefer करेंगे। मान्यवर, खाना ट्रेन के अन्दर भी खराब है और प्लेटफॉर्म का भी खराब है। पीयूष गोयल जी काफी मेहनती मंत्री हैं और सुधार में लगे रहते हैं, लेकिन ये बुनियादी चीजें हैं, policy की चीजें हैं। इनके लिए प्रावधान चाहिए, पैसा चाहिए। वे कहते हैं कि पैसे की कमी नहीं है। अगर पैसे की कमी नहीं है, तो सुविधाएं ठीक क्यों नहीं हो पा रही हैं? Freight भी गिर गया है। रेलवे की journey तो इतनी अच्छी होती है कि विदेश में इससे कितना फायदा हो रहा है। शहर का जो सेंटर होता है, वहां रेलवे स्टेशन होता है। लोग एक जगह से दूसरी जगह जाएं, आराम से जाएं, उनको कोई दिक्कत न आए। ...(**समय की घंटी**)... लेकिन इसके बाद भी रेलवे का profit क्यों गिरता जा रहा है और passengers कम क्यों होते चले जा रहे हैं? रेलवे सुरक्षा के लिए काकोदकर कमिटी की जो recommendations थीं, उनके लिए जो बजट का प्रावधान करना चाहिए था, वह प्रावधान अभी तक इसमें नहीं दिखाई दे रहा है। इसलिए उनको इसके लिए प्रावधान करना चाहिए।

सर, अभी मेरे पास बहुत points हैं, लेकिन आप कहते हैं कि दबाव और pressure है, तो मैं क्या बताऊं, मैं बोल ही नहीं पा रहा हूँ और इसलिए मुझे अपनी बात समाप्त करनी पड़ रही है।

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): श्री संजय सेठ। आपके पास 2-3 मिनट का समय है।

श्री संजय सेठ (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपको बहुत धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बजट पर बोलने का मौका दिया।

महोदय, यह जो बजट है, यह बहुत ही निराशाजनक दिख रहा है, क्योंकि आम जनता को इस बजट से बहुत उम्मीदें थीं। इस बजट में जो सबसे इम्पॉर्टेंट चीज़ रही है, वह है दस करोड़ लोगों के लिए पांच लाख रुपये का बीमा, लेकिन माननीय मंत्री जी ने इसको दो भागों में बांट दिया। इसमें पहला था स्वास्थ्य केंद्रों को बढ़ावा देने के लिए लोगों को अपने नज़दीक ही स्वास्थ्य सेवाएं मिलें और दूसरा था ...(**व्यवधान**)...

विपक्ष के नेता (श्री गुलाम नबी आज़ाद): वाइस चेयरमैन साहब, कल तक बजट पर चर्चा के लिए छः घंटे बचे थे, लेकिन पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर साहब ने unilaterally उसको घटा कर तीन घंटे कर दिया। मैंने सुबह भी कहा था कि अगर पार्टीज़ का समय काटना है, तो दूसरी पार्टीज़ का समय मत काटो। इसकी वजह से सारा टाइम-टेबल गड़बड़ हो गया है। जहां हमने एक-एक मेम्बर को बोलने के लिए 10-10 या 15-15 मिनट रखे थे, अब वे तीन मिनट में कन्वर्ट हो गए हैं।

†**قائد حزب اختلاف (جناب غلام نبی آزاد)** : وائس چیئرمین صاحب، کل تک بجٹ پر چرچا کے لئے چھہ گھنٹے بچے تھے، لیکن اب پارلیمنٹری افیئرس منسٹر صاحب نے اس کو unilaterally چھہ گھنٹے کر دیا۔ میں نے صبح بھی کہا تھا کہ اگر پارٹیز کا وقت کاٹنا ہے، تو دوسری پارٹریز کا وقت مت کاٹئے۔ اس کی وجہ سے سارا ٹائم ٹیبل گڑبڑ ہو گیا ہے۔ جہاں ہم نے ایک ایک ممبر کو بولنے کے لئے دس-دس یا پندرہ-پندرہ منٹ رکھے تھے، اب وہ تین منٹ میں کنورٹ ہو گئے ہیں۔

† Transliteration in Urdu script.

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): अब जैसा है, ठीक है।

श्री गुलाम नबी आज़ाद: जब सदन बड़े आराम से और शांति से चल रहा था, ऐसे में अगर सदन दो घंटे और चल जाता, तो क्या फिक्र थी? आज के लिए हमारे पास छः घंटे बचे थे, उस पर आपने एकदम slab लगा दिया और पूरे तीन घंटे कम कर दिए। कल सदन तकरीबन 6-7 घंटे चला था, इसलिए आज छः घंटे और बाकी थे। इसकी वजह से पूरा गड़बड़ हो गया है।

†**جناب غلام نبی آزاد :** جب سدن بڑے آرام سے اور شانتی سے چل رہا تھا، ایسے میں اگر دو گھنٹے اور چلا جاتا، تو کیا فکر تھی؟ آج کے لئے ہمارے چھہ گھنٹے بچے تھے، لیکن اس پر آپ نے ایکدم slab لگا دیا اور پورے تین گھنٹے کم کر دئے۔ کل سدن تقریبا چھہ-سات گھنٹے چلا تھا، اس لئے آج چھہ گھنٹے اور باقی تھے۔ اب اس کی وجہ سے پورا گڑبڑ ہو گیا ہے۔

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): अब जो हो गया, ठीक है। संजय जी, आप आगे बोलिए।

श्री संजय सेठ: माननीय मंत्री जी ने इस बजट को दो भागों में बांटा है, जिसमें एक भाग स्वास्थ्य के लिए है। इसमें पहला है, स्वास्थ्य केंद्रों को बढ़ावा देना, जिसमें लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं नज़दीकी केंद्रों में उपलब्ध हों। दूसरा है, 10 करोड़ गरीब लोगों को पांच लाख रुपये के बीमे की सुविधा देना। मैं दूसरे बिंदु के ऊपर बोलना चाहता हूं, जो बहुत ही प्रचारित किया जा रहा है और कहा जा रहा है कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण बिंदु है। महोदय, अगर इसके आंकड़े देखे जाएं, तो इस साल स्वास्थ्य के लिए जो बजट एलोकेट किया गया है, वह 52,800 करोड़ रुपये है, जबकि पिछले साल इसके लिए 51,580 करोड़ रुपये का बजट था, यानी इस बजट में केवल 1,250 करोड़ रुपये ही बढ़ाए गए हैं।

दूसरी तरफ एजुकेशन सेस के नाम पर जो तीन प्रतिशत टैक्स लिया जा रहा था, उसको बढ़ाकर अब 4 प्रतिशत कर दिया गया है और उसका नाम रख दिया गया है, 'हेल्थ एंड एजुकेशन सेस'। इसका मतलब तो यह है कि आप जनता से एक प्रतिशत लेंगे और फिर उसी चीज़ को गरीबों में बांटेंगे। इस सरकार ने अपनी तरफ से इसमें कोई कांट्रिब्यूशन नहीं दिया है, जनता से वसूल करके जनता को ही वापस करने की बात है और वह भी किसी हालत में पूरा नहीं हो सकता है।

तीसरा, इसमें डेढ़ लाख वेलनेस सेंटर्स बनाने के लिए कहा गया है, जिसके लिए 1,200 करोड़ रुपये एलोकेट किए गए हैं, यानी एक सेंटर बनाने के लिए केवल 80,000 रुपये एलोकेट हुए हैं।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, अभी जो सेंटर्स चल रहे हैं, उन सारे के सारे सेंटर्स में न तो उचित रख-रखाव है, न उनमें कर्मचारी हैं और न ही मेडिकल का सामान है। उन सारे सेंटर्स को छोड़कर अब ये नये सेंटर्स बनाए जाने की बात कही जा रही है। इसमें मेरा यह कहना है कि जो सेंटर्स पहले से चल रहे हैं, उन्हीं को आप ठीक कराएं और उन्हीं पर पैसा लगाएं। नई चीज़ करके क्या फायदा होगा? ...(**व्यवधान**)...

महोदय, अब बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में दुर्घटना हुई और वहां एक साथ सैकड़ों

† Transliteration in Urdu script.

बच्चे मर गए। वहां पर ऑक्सीज़न की कमी है, साथ ही पैसे भी नहीं दिए जा रहे हैं। देश की जनता के स्वास्थ्य के लिए इस तरह की चीज़ों पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए, बजाए इसके कि आप लुभावनी चीज़ें दिखाएं और उनको पूरा भी न कर सकें। दो साल पहले के बजट में भी इसी तरह का एक प्रोविज़न था, जिसमें उन्होंने एक लाख रुपये का बीमा करने की बात कही थी, लेकिन आज तक 30,000 रुपये के बीमे से ऊपर नहीं दिया जा रहा है।

तीसरा, वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में कहा है कि प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक करोड़ घरों का निर्माण किया जाएगा। राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में यहां तक कहा कि एक करोड़ मकानों में से 93 लाख मकान बन चुके हैं, लेकिन मुझे यह बात समझ में नहीं आ रही कि इनके पास ये आंकड़े आ कहां से रहे हैं? इस संबंध में लोक सभा में जब एक सवाल किया गया था, तो उसके जवाब में इन्होंने बताया कि अभी तक केवल 21 लाख मकान बने हैं। महोदय, इस तरीके से बताया जा रहा है कि 93 लाख मकान बन चुके हैं, लेकिन वास्तविकता तो यह है कि अभी तक केवल 21 लाख मकान ही बने हैं। ये सारी चीजें असत्य हैं। इसमें कुछ नहीं है और जनता को सिर्फ गुमराह किया जा रहा है।

महोदय, दूसरी बात इन्होंने अपने बजट भाषण में रीयल एस्टेट के प्वॉइंट में यह बताई कि जमीन के दाम सर्कल रेट के हिसाब से होंगे। उसमें अगर इन्कम टैक्स में 5 परसेंट का डिफरेंस होगा, तो वह मान लिया जाएगा। अगर दिल्ली को देखें, तो यहां जमीनों के दाम बहुत कम हो चुके हैं, लेकिन सर्कल रेट बहुत ज्यादा है। अगर किसी भी शहर का सवेक्षण कराएं, तो यही हाल मिलेगा। अब गरीब आदमी या कोई भी आदमी मकान खरीदे, तो उसके लिए स्टाम्प-ड्यूटी ज्यादा दे, उसके बाद इन्कम टैक्स भी ज्यादा दे, तो यह ठीक नहीं है।

श्री उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): अब आप समाप्त कीजिए।

श्री संजय सेठ: इसलिए इसमें कोई प्रोविज़न ऐसा होना चाहिए था कि उसका एक सर्वे करा के उसे 5 से 10 परसेंट कर दिया जाए, धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BASAWARAJ PATIL): Thank you. Now, Shri N. Gokulakrishnan; you have only two minutes to speak.

श्री नरेश अग्रवाल: माननीय उपसभाध्यक्ष जी, बजट पर चर्चा चल रही है और न वित्त मंत्री हैं, न राज्य मंत्री (वित्त) उपस्थित हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री विजय गोयल: माननीय उपसभाध्यक्ष जी, यहां राज्य मंत्री (वित्त) उपस्थित हैं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): ठीक है। वित्त राज्य मंत्री उपस्थित हैं। ...(**व्यवधान**)... अच्छा, आपस में बात मत कीजिए। बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... Naqviji, please, no cross-talk. ...(*Interruptions*)... Jairamji, no cross-talk please. You are one of the best parliamentarians.

SHRI N. GOKULAKRISHNAN (Puducherry): Hon. Vice-Chairman, Sir, due to paucity of time, I would cut down all my points on the General Budget and come straightaway to the issues concerning Puducherry.

[Shri N. Gokulakrishnan]

Sir, talking about grant of Central assistance to States and Union Territories, a share of the total tax collected at the Centre is given to the State Governments based on the Finance Commission's recommendations. In the case of Union Territories without Legislatures, the entire budget requirement is met by the Government of India after taking all receipts from the Union Territories. In the case of Union Territories with a Legislature, like Puducherry, normally the entire gap between their budgetary requirement and their resources is met by the Government of India all along.

Sir, the Union Territory of Puducherry has implemented the Seventh Central Pay Commission recommendations and has requested the Government of India for additional funds to the tune of ₹ 750 crores. But, so far, the Government of India has not given even a single rupee to Puducherry for implementing the recommendations of the Seventh Central Pay Commission. The Central assistance allocated to the Union Territory of Puducherry for the current financial year is ₹ 1,476 crores; for the previous year it was ₹ 1,411 crores. But, in recent years, this has been stopped and instead, Central assistance with a four per cent increase over that of the previous year has been fixed.

Sir, the Union Territory's resources have been affected considerably by various factors like GST, ban on bar licence on highways and ban in the real estate sector. On the one hand, expenditure has increased due to the implementation of the Seventh Pay Commission recommendations and, on the other hand the income has come down. Thus, the Union Territory of Puducherry is not able to carry out development programmes since the entire receipts are being used for committed expenditure like salaries, pension, payment of interest and repayment of loan. I appeal to the hon. Finance Minister to increase the share of Central assistance to the Union Territory of Puducherry at least by 20 per cent every year.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BASAWARAJ PATIL): Please conclude now.

SHRI N. GOKULAKRISHNAN: Sir, I would take just one more minute.

Sir, I wish to invite the kind attention of the hon. Union Railway Minister to a long-pending demand of the Union Territory of Puducherry for a railway link from Tindivanam to Cuddalore *via* Puducherry. A lot of commuters visit places of pilgrimage like Karaikkal, Nagoor and Velankanni from Chennai. Connecting Tindivanam and Cuddalore through a railway link would lessen their travel time. Sir, I appeal to the hon. Union Railway Minister to look into this long-pending demand for immediate consideration. Similarly, I appeal to link Peralam with Karaikal, which is also a long-pending demand. In fact, I raised this matter and discussed in detail about the

viability when I attended the Railway Committee meeting organized by the General Manager of South Zone of Railways at Madurai last month. With this, I conclude my speech and I welcome the welfare schemes announced by the hon. Finance Minister and I also appeal to him to consider my demands favourably. Thank you.

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): ठीक है, धन्यवाद। श्री नरेश गुजराल जी, आपके तीन मिनट हैं।

SHRI NARESH GUJRAL: No, Sir. I am the leader of my group. We have 18 Members. I must have 10 minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BASAWARAJ PATIL): Your Party has ten minutes in total and there are three Members to speak. ...(*Interruptions*)...

SHRI NARESH GUJRAL: I am sorry, Sir, I won't speak; somebody else to speak. ...(*Interruptions*)...

श्री राजीव शुक्ल: सर, यह बहुत गलत है। ...(**व्यवधान**)... *

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... नरेश गुजराल जी, आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)... शुक्ल जी, आप अपनी जगह पर जाइए। ...(**व्यवधान**)... Shuklaji, please go to your seat. ...(*Interruptions*)...

श्री नरेश अग्रवाल: * ...(**व्यवधान**)... * ...(**व्यवधान**)...

श्री राजीव शुक्ल: * ...(**व्यवधान**)... *

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): आप सब लोग बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... You sit down. ...(*Interruptions*)... I will take care. ...(*Interruptions*)... आप क्यों ऐसा कर रहे हैं? ...(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... नरेश गुजराल जी, आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)... बैठ जाइए, बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... टाइम वेस्ट जायेगा, बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... गुजराल जी, बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

SHRI NARESH GUJRAL: Sir, first of all, I would like to start by expressing my sympathies with my follow Members who are here. Commitments were made to Andhra Pradesh in this House which, unfortunately, collectively have not been kept and I feel sorry that their demands are not being met and I hope that the hon. Finance Minister will look at their demands favourably.

Sir, having said that, I feel that this is the most challenging Budget for the hon. Finance Minister since this Government came to power. Why is it challenging? It is because oil prices have hardened and are today in the vicinity of 65 to 70 dollars a barrel. For four years, you had the cushion of soft oil prices with which

---

* Expunged as ordered by the Chair.

[Shri Naresh Gujral]
you could pursue giving money to the social sector. Secondly, Sir, there is an acute farm distress in the country. Thirdly, there is an under-utilised capacity in manufacturing and the power sectors which are not creating fresh jobs. At the same time, he has to maintain fiscal discipline because the country wants to send the message to international investors that we are fiscally responsible so that FDI keeps coming to India. Having said that, I congratulate the Finance Minister that he has taken a holistic view by pumping in money to the rural sector, and I call it a paradigm shift in the way we look at agriculture and agriculturists in this country. Sir, it was very strange that despite the fact that 65 per cent of India's population was dependent on the farm, 49 per cent of the jobs were created in the agriculture sector. Yet, we were short-changing our farmer by not giving him adequate prices for his produce. What were we doing? We were saying, let's not give him a high price because that will create inflation. So, the poor farmer was suffering. Every time international prices went up, we would put a ban on export because again we wanted to protect a constituency in India which was the urban constituency and the farm sector kept suffering. So, I congratulate the Finance Minister that he has said and kept the promise that the farmer will get 150 per cent of his cost which means cost plus fifty per cent. Now, Mr. Chidambaram, Mr. Neeraj Shekhar and many others have raised a question about formula. Is it A2 plus FL or C2? Sir, I am not getting into any formulas. Yesterday, one of the Congress Members, Mr. Chidambaram probably, said that in their tenure they doubled the prices of the farm sector in ten years. Neerajji, that works out to six per cent compounded per annum. This is what the farmer was getting when the inflation rate was in double digits. So, every year, the poor farmer was forced to commit suicide. Thank God, now the Finance Minister has said that the farmer will get just deal. So, by not getting into the details of which formula it is, I will only urge the Finance Minister that the next crop is coming in two months. We have raised the hopes of the farmer of this country. They are expecting a new deal, a big deal. Please, do not let down the farmer of India because if you do, you will see the kind of despair, suicides and frustration that this country has never seen before. So, as I said, I am not getting into the formula, but I do hope that the farmer will finally get a proper deal. Sir, secondly, how does a farmer get so poor and eventually commit suicide when he is so frustrated? Number one, he does not get adequate price for his produce. Number two, the healthcare cost. Somebody falls ill in his family, he begs, borrows at high interest rate and then gets the patient treated. And, third is marriage expenses. This Budget has taken care of the first two. Adequate farm prices and be making sure that the poor in this country will be treated by the Government up to 5 lakhs per family which I think is a phenomenal announcement. But, again, he must be

honoured in letter and spirit. Only then will the poor of this country feel satisfied. And, I would also urge the Prime Minister the way he has carried the campaign of 'Swachh Bharat', I hope something is done that we curtail expenses on marriages in this country and some kind of a social campaign needs to be unleashed because that will help the farmer.

Sir, having said that, jobs have to be created. Now, the Finance Minister has said, we will pump money into the farm sector. Six lakh crore is going into the infrastructure sector, he is making sure that the textile sector, which is the second largest generator of jobs after the farming sector, will get its due and jobs will be created there. And also he has tweaked the labour laws; till now, it was that you could hire but not fire, but by giving fixed term contracts, this will ensure that industry starts to hire more people. Sir, I am an optimist. The way the BJP, the NDA has followed economic policies, I am convinced that we will see double digit growth very soon and the proof of that is the way FDI is coming into India. They are not fools. They know that this country will have the market, this country is growing and this country is following the right economic policies and that is why they are coming to India. And, this is very important, Sir, because our domestic rate of savings is now stagnant at 29 per cent for a very long time. We need the FDI investment. This year it is about 60 billion dollars and I think it will increase as our market becomes better. Because what happens is when there is a demand, only then factory starts working into full capacity. And this is what this Finance Minister is doing. He is creating the demand. And this will set in motion a virtuous cycle. When factories start working to full capacity, they will have to hire more people; when more people are hired, that will create more demand and when there is more demand, only then private sector investment will start coming in and I have no doubt in my mind that the NDA will ensure that this economy gets regenerated. This Budget has given it a kick-start and I am convinced that going forward, this country will soon see double-digit growth and I congratulate the Finance Minister for that. Thank you very much, Sir.

DR. K. KESHAVA RAO (Andhra Pradesh): Sir, before I talk, I am distraught for the simple reason, we seems to have thrown to the winds the very rules of this House. And now the Chairman comes and says that if anybody is standing in the Well, it means disorder of the House and it cannot be tolerated. Yet, we allowed. Then we seems to have forgotten the political idiom when we talk. That is also something which has really hurt most of us, being in this House or outside in other Legislatures. But, the question today is about the Budget. I am very much interested in talking about the Budget, but what has really provoked me most is the action of

[Dr. K. Keshava Rao]

my friends from Andhra, for whom we have all expressed sympathies. In fact, I was the first man, when a Private Member Bill was taken up here, who spoke here and went in their support, if not rescue. It is Mr. Jairam, who wrote this Bill. I really sympathies with that one man, who could neither become friends with us nor with them, wrote the rules and also the law objectively. He was the most harassed man in those fifteen days, and I said this here in this House earlier.

Today, the Prime Minister goes on record to say on the floor of the House that bifurcation was done unscientifically. I don't understand it because I know very little English. I have not still understood as to what exactly he means by unscientific bifurcation of a State. I can understand my friend, who was with me, who is now the Chief Minister of Andhra today. He was with me as a junior Minister when I was a Cabinet Minister. He seems to know more about language, as Mr. Chidambaram was saying that we have added new words to the English language, like *jumlas*, etc. Now, tell me, what exactly do we want? We are all for it. That is one. But now, what are they trying to say about Telangana? I think, my sister, Renukaji, will excuse me when I say this. I am with them, as far as their demand is concerned. If they want the implementation of the Andhra Pradesh Re-organization Act, I had No objection to it. Earlier also, I had said this to Mr. Jairam Ramesh, who is very much here, who is the author of the Act. But, today, while agreeing with them, when they say that something wrong had been done in the Act, I would like to say that they should understand that the Parliament has not done anything wrong. They are casting aspersions on the Parliament which has passed this Act. Have they ever thought about this aspect? Only because we are keeping quiet, only because all Members are supporting them, do they think what they are doing is good for the Parliament? This Parliament has passed this Act, not one House, but both the Houses - the Lok Sabha and the Rajya Sabha. After that, we had discussions for fifteen days about framing the rules. The very Member, who is sitting here, had called them for framing rules. They got all that they wanted. Today, most of the Members are here. I don't want to repeat this. We have been exploited for sixty years. We did not bother much because all that we wanted was a State. Now, it is a reality. But today, if there is any work at all, in my Telangana, it is not me who does it; it is you who are giving the contracts there; it is you who are purchasing all the land there; it is you who were purchasing, only the day before yesterday, all the plots there. I have never complained about it. But, today, you come and find fault. We did not have water. Mr. Vice-Chairman, Sir, you are aware. When you went out from Telangana to become part of Karnataka, we did not have any fight at all. The Prime Minister came and said yesterday in Lok Sabha that when they had carved

out three States, there were no problem. Sir, we were divided. My own State was divided into three parts. There was no hue and cry. A part went to Maharashtra. A part went to Karnataka. Nothing happened because we all are hard-working people not vested groups. One was not exploiter; one was not the sufferer. Forget about that now, I am trying to close that chapter. But, the other question today is: there are two rivers. They flow only from Telangana. Two-third of these rivers flows in Telangana. Total Krishna – Godavery catchment is in Telangana. Eighty-three per cent catchment is in Telangana. But only eighteen per cent of its is used here. When the earlier Government had constituted a Committee, we fought and got whatever we could, but we thought that we would discuss it later right here on the floor of Rajya Sabha. The present Chairman of Rajya Sabha, Shri Venkaiah Naidu, who was then an opposition Member, asked for a few concessions to Andhra. He asked for seven concessions. The Prime Minister of the day agreed to that. First, he said that he would look into them, and then he agreed to them, and a Cabinet Note was also prepared. Nobody objected to it. But what is that we are asking now? Please, think again. I am not opposing you. You should get more. What is wrong if the Centre gives you more money? What is wrong if the Centre gives you ten industries more? Get more but don't grouse over the others. Do not have grievance against others. If something is not given to you, fight for it. But did not forget, we are still subject to exploitation, which I was subjected to twenty years back. This thing should be kept in mind by all the people. I know, you have been rich; there is nothing wrong in that, but do not eploit. And, if there is a chance, we will also try to come up, the way we are doing.

Yesterday, the Minister replying for a question said – I am asking all my other Members to know – we all know that none of you were also objecting to it. But let it not be felt as if they have been denied and the other man is getting it. Sir, according to the statement given by the Finance Minister yesterday, the break-up of the moneys released to Andhra Pradesh is ₹ 4,400 crore in 2014-15; ₹ 2,000 crore in 2015-16; ₹ 4,500 crore in 2016-17; ₹ 2,500 crores in 2017-18, and the total is something like ₹ 13,000 crore. All right. This must be understand out because not a single paisa except ₹ 2,000 crore came to Telangana. All that Mr. Jairam Ramesh said in those days was – 'equality'. Whatever it is, ''if we are getting AIIMS, you are getting it. If we are getting IIM, you are getting IIM. If we are getting the university, you will get the tribal university''. Did not you say that? You set up thirteen institutions. Did you give me one? You gave them three. We kept quiet. We thought we will have to fight. We don't go with the begging bowls to those people as long as people are with us. What is the question today? That is why, when the Government came or even the Chairman came and said about 2,000 crore

[Dr. K. Keshava Rao]

of rupees, I said, "hell with this; who are you to give." It is my money. I give ₹ 30,000 crore every year to the Central pool. Nobody is giving me something out of charity. This should be understood. Yesterday, when the Prime Minister came and said, हमने तो तीन स्टेट किया, कोई गड़बड़ी नहीं है। हमने तो तीन स्टेट करवा लिए, कोई गड़बड़ी नहीं हुई। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): ठीक है, केशव राव जी।

डा. के. केशव राव: नहीं साहब, जरा सुनिए। मैं कभी इस चीज को लाता ही नहीं था, मैं उनका साथी हूं। कल रात रमेश साहब मेरे पास आए थे और मुझसे बोले थे कि साहब, हम यह रेज़ कर रहे हैं। मैंने कहा रेज़ करिए। But do not try to act like that बिकॉज़ किस तरीके से हम रूल करते हैं, आपको मालूम है। हमारी पॉपुलेरिटी पर एक अंगुली भी मत उठाइए। आपने 5 मर्तबा कंटेस्ट किया, डिपॉज़िट लूज़ कर दिया, वह भी याद रखेंगे। कल कंटेस्ट करेंगे तो डिपोजिट लूज़ कर देंगे, वह भी याद रखेंगे। जो भी हो, चाहे आप हों या आपके दोस्त हों, जब डिपॉज़िट आएगा तो हम छोड़ देंगे, पार्टी छोड़ देंगे, क्लोज कर लेंगे, अगर डिपॉज़िट आ गया। तो ठीक है, वह बात नहीं बोल रहा हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): धन्यवाद।

डा. के. केशव राव: मैं डेवलपमेंट की बात कर रहा हूं। नीरज जी, मैं तो ओपन कर रहा हूं, हर वक्त तो वही बोलता हूं न। उनके प्रेजिडेंट आएं तो भी हम लोग बोलेंगे। ये सब बातें क्यों कर रहे हैं? ज़रा कंटेस्ट करने के लिए बताइए, वह बतला देते हैं। वह नहीं है, मैं क्यों बोल रहा हूं। We are with you but this is something else. How can you be allowed to stand there? One of my friends asked for a chair for you to sit. All that we wish is to ask the Finance Minister, ask the Government to sort out these issues. If all of us feel that something wrong has been done to Andhra, if we feel that something has gone wrong, let the Government sit and sort it out. You have not done that during those 12 days when the Reorganisation Act was passed. Within 12 days, they completed the rules. We thought that if something is still left, we will sort it out.

So, here is a question of money. They say that they have already given you 12,000 or 13,000 crores of rupees. If more needs to be given, let them give it but let them not do this. यह मैच फिक्सिंग को आप लोग बस करो। नहीं तो एक आदमी को आप रूम से निकाल देते हैं, सस्पेंड कर देते हैं, एक आदमी को कुर्सी देते हैं और बोलते हैं क्या हो रहा है यह? मज़ाक हो रहा है इस पार्लियामेंट का? अब तेलंगाना के बारे में बताइए। हम लोगों ने क्या नहीं किया? हमने आपसे नहीं पूछा है। आपने आज तक इस बजट में एक भी चीज तेलंगाना के बारे में नहीं कहा। महोदय, आप जानते हैं इसलिए मैं बोल रहा हूं। चूंकि आप तेलंगाना जानते हैं इसलिए मैं बोल रहा हूं। हम इंडिया की one of the biggest irrigation projects, Kaleshwaram, build कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... बाद में पूछा कि कुछ पैसे दे देते

तो अच्छा होता। जरूर यह तो नेशनल प्रोजेक्ट है, एक मॉडल है, शायद मेरा इतना अच्छा हिन्दी नहीं है, उनकी हिन्दी अच्छी होगी। शायद उनकी हिन्दी मेरे जैसी नहीं होगी, उनकी हिन्दी अच्छी होगी, जिसे मैं नहीं समझ सकता हूं, वह अलग बात है। उन्होंने कह दिया कि यह मॉडल बन जाएगा। हमने बाद में उनसे कहा कि आप दस हज़ार करोड़ रुपए दे दीजिए, लेकिन आज तक हमें एक पैसा नहीं दिया गया। हमारे पास पहले पानी नहीं था, आप इस संबंध में जानते हैं क्योंकि आपके पास पानी नहीं पहुंचना था, पानी के बिना तो कोई स्टेट नहीं चल सकती तो हमने क्या किया – हमने पहली मर्तबा lift irrigation से ...(**समय की घंटी**)... महोदय, एक मिनट। Lift irrigation से one crore acres of land we have covered. We have already covered three projects. Within three months we have completed the project in Bhadrachalam. Like that be, we are trying to do it. आपने अपने दिल में रख लिया है कि ये तो अपने नहीं हैं, चलिए, हम लड़ लेंगे। हम लोग लड़ेंगे भी – आप उसकी फिक्र मत कीजिए।

अब मैं आपके बजट की बात करता हूं। आपके बजट में 10 ट्रेन के लिए हम लोग इतने साल से पूछ रहे हैं। चालीस साल से हम लोग काज़ीपेट में कोच फैक्टरी की मांग कर रहे हैं। ऑल पार्टी मीटिंग में तीन मर्तबा फाइनेंस मिनिस्टर साहब बोले, no, no, this time we are going to give you AIIMS. उन्होंने announce किया, on the floor of the House. But no AIIMS. वह हवा में आ रहा होगा या शायद लॉरी में आ रहा होगा, लेकिन वह एम्स बहुत जल्दी आएगा। महोदय, उन्होंने हमें दो रेल लाइन्स दीं, एक-एक बोल देता हूं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): केशव राव जी, अब समाप्त कीजिए।

डा. के. केशव रावः महोदय, मैं लास्ट में एक सबसे बड़ी चीज़ बोलना चाहता हूं। आप एक्ट छोड़ दीजिए, बातें छोड़ दीजिए, promises छोड़ दीजिए, वहां पर जो तारीफें करते हैं, हर सेंट्रल मिनिस्टर तेलंगाना आकर कहता है कि इतना बड़ा हमने सोचा ही नहीं। आप उसे भी छोड़ दीजिए। Constitution में लिखा हुआ है कि every State shall have one High Court. वहां पर आज तक हाई कोर्ट नहीं आया है। At some place, you start giving it. But in our case, no sympathy has ever come from you. आप इस बारे में सोचना शुरू कीजिए, वहां हाई कोर्ट दीजिए। वहां पर कौन suffer कर रहा है – हम लोग suffer कर रहे हैं, लेकिन इस बारे में कोई बात ही नहीं हो रही है। तो कुछ भी हो ...(**समय की घंटी**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): ठीक है, केशव राव जी, धन्यवाद। श्री शमशेर सिंह मन्हास।

SHRI JAIRAM RAMESH (Karnataka): Sir, it is there in the Act and the Government has delayed ...(*Interruptions*)... This is completely inexcusable. ...(*Interruptions*)...

डा. के. केशव रावः महोदय, मैं एक्ट के बारे में नहीं बोल रहा हूं, मैं तो Constitution की बात कर रहा हूं। Constitutional provision होने पर भी आप नहीं करते तो गवर्नमेंट कैसे चलेगी?

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): ठीक है, केशव राव जी, धन्यवाद।

डा. के. केशव राव: महोदय, मैं इतना कहते हुए, अगर आपने मुझे चांस दिया तो मैं दो चीज़ें कहना चाहता हूं, मुझे यह issue join करना था, वरना as far as the Budget is concerned, सब लोगों ने डिटेल में बातें कह दी हैं, उस संबंध में मैं बात नहीं करना चाहता हूं। आप कुछ बोल रहे हैं। ये economic stability की बात कर रहे हैं। उन्होंने 12 सवाल पूछ लिए हैं, हमारे देरेक साहब ने दस सवाल पूछ लिए हैं, मैं उन questions को छोड़कर दूसरे questions आपसे पूछना चाहता हूं। आप macro stability, fiscal consolidation और slippages की बात कर रहे हैं। उसका मतलब क्या है? On the other side, I don't know whether there is any economist, but I can ask Mr. Jairam Ramesh or Gujralji. Tell me what this slippage means. It means nothing but increase in the deficit, simple economics. Or it means increase in inflation, simple economics. Is it not true? Now, the second question is, गुजराल जी ने कहा कि यह बहुत difficult challenge है, सख्त challenge है। It is true because post demonetization, you had your problems. But what did you do to ...(*Interruptions*)... In the demonetization, ...(*Interruptions*)... आपको टाइम अभी दिखाई देता है साहब। **...(व्यवधान)...** आपको और कुछ दिखाई नहीं दे रहा है, अब आपको सिर्फ टाइम ही दिखाई दे रहा है। अब आपको टाइम बराबर दिखेगा। महोदय, मैं आपके थ्रू मंत्री जी से पूछता हूं कि you got funds after demonetization. It must go to Jan Dhan account holders or whatever it is. We thought it would go because the economic prudence suggests that. ...(*Time-bell rings*)... But what did we do? ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BASAWARAJ PATIL): Keshava Raoji, please conclude it within one minute.

DR. K. KESHAVA RAO: Anyhow, I would not say everything is wrong in this Budget because I am not going to join issue with them, nor am I trying to make a point there. इसमें one-upmanship नहीं है। There are fundamental difficulties which are overlooking those things. There were twelve questions from there and ten questions from here. A few of them you might answer well, a few of them you will ...(*Interruptions*)... वह आप देखिए, वरना the big opportunity that you got is missed. I would say in the Budget, you had a good opportunity, which you have missed.

श्री शमशेर सिंह मन्हास (जम्मू और कश्मीर): आदरणीय उपसभाध्यक्ष जी, कल से मैं इस बजट पर चर्चा सुन रहा था। बजट पर चर्चा सुनते-सुनते कुछ महानुभावों ने इसको questionnaire बना दिया। किसी ने 12 प्रश्न पूछे, किसी ने 14 प्रश्न पूछे, किसी ने 8 प्रश्न पूछे। इसका मतबल यह है कि हम इतने सक्षम हैं कि हमसे आप कुछ उम्मीदें लगाकर बैठे हैं कि हम कुछ अच्छा करें। इसलिए मैं आपसे यह निवेदन करता हूं कि हमारे देश को आजाद हुए 70 वर्ष हो गए हैं और आजादी के उपरान्त 55 वर्ष तक कांग्रेस ने, जिसमें से 40 वर्ष एक ही वंश ने राज किया है और 15 वर्ष उनके जो बाकी साथी थे, उन्होंने किया है। ये कुल मिलाकर 15-16 हजार दिन बनते हैं।

मैं जिस प्रदेश से आता हूं, वह प्रदेश जम्मू-कश्मीर बड़ा संवेदनशील है। हमारे LOP साहब, यहां पर होते, हमारे आज़ाद साहब यहां पर होते, तो मैं उनसे पूछता कि वे कौन सी जगह से आते हैं, किस प्रकार का वह जंगल है और वहां कौन-कौन सी सुविधाएं प्राप्त हैं? आज अगर देखा जाए तो वहां पर बिजली नहीं है, वहां पर पानी नहीं है, वहां पर सड़क नहीं है, बाकी की बात तो आप छोड़ दीजिए। यहां तक कि वहां पर बच्चों के रहने के लिए जगह तक नहीं है। उनके पास एक ही कमरा है और वह भी पूरा लकड़ी का बना हुआ, जिसमें पूरा परिवार रहता है। वे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, तो वे पिछले 60 सालों से मूलभूत सुविधाओं से क्यों वंचित हैं? 55 वर्ष राज करने के उपरान्त क्या कांग्रेस ने उस दिशा में विचार नहीं किया? आज़ाद साहब वहां के मुख्यमंत्री भी रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि वहां पर आज तक जो कुछ होना चाहिए था वह क्यों नहीं हुआ? आज तक भी वहां सड़क नहीं है। मैंने वहां एक गांव adopt किया है, जिसे आदर्श गांव में रखा गया है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि 24 किलोमीटर steep चढ़ाई है, जो आप 10 घंटों में भी नहीं चढ़ सकते हो। आज भी सड़क के नाम पर पगडंडी है, जंगल से आते हुए किसी प्रकार की सुविधा नहीं है। आप dispensary को छोड़िए, स्कूल को छोड़िए, वैटरनेरी हॉस्पिटल को छोड़िए यहां तक कि वहां पर पंचायत घर तक नहीं है। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि किस प्रकार से वहां पर लोग रहते होंगे? जंगलों से लकड़ियां काटकर उन्होंने अपना मकान बनाया हुआ है, पक्की छतों के निर्माण की बात तो आप छोड़ दीजिए, उनके बारे में कौन सोचेगा और कौन विचार करेगा? पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा था कि जब तक दूर-दराज कंदराओं में बैठे हुए व्यक्ति को, हर प्रकार की सुविधाएं न मिल जाएं, तब तक हमको कार्य करना पड़ेगा। हम उसी राह पर चल पड़े हैं और उसी राह को आज हम देख रहे हैं। इस प्रकार से जितनी भी योजनाएं बनाई जा रही हैं, हमारी सरकार उन योजनाओं को क्रियान्वित कर रही है। जिस प्रकार का 55 वर्ष तक आपका राज रहा और 15 वर्ष एक ही वंश का राज रहा है, पिछले 70 सालों में वहां पर क्या हुआ है? मैं अपने प्रदेश की बात कह रहा हूं और मैं उससे बाहर नहीं जाना चाहता हूं, अगर मैं पूरे देश की बात करना चाहूंगा, तो पूरा देश इसी हालत से गुजर रहा है। चाहे आदिवासी क्षेत्र रहा हो, चाहे नार्थ-ईस्ट रीजन रहा हो, चाहे तमिलनाडु का क्षेत्र रहा हो, पूरे देश में सुविधाएं नहीं पहुंच रही हैं। वहां पर वे सुविधाएं कौन पहुंचाएगा? वहां पर कौन सी सुविधाएं होनी चाहिए? जो लोग वहां पर रहते हैं क्या उन्हें जीने का हक नहीं है? क्या वे लोग नहीं चाहते हैं कि उनको भी सुविधाएं मिले? वे भी BA कर सकें, MBA सकें, Medical College में पढ़ने जा सकें? वहां पर तो एक छोटा सा स्कूल तक नहीं है, तो वे क्या पढ़ पाएंगे? इसलिए इन सब चीजों के लिए, छोटी-छोटी बातों के लिए, आज हमारे नरेंद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री जी ने जिस प्रकार का बजट पेश किया है, उस राह पर चलने का प्रयास किया है और ईमानदारी से किया है जिससे कि यह देश आगे बढ़ सके। उन लोगों में यह कैसे विचार हो सकता है? उन्होंने कहा है कि जिस प्रकार से हमारे 40 प्रतिशत लोग बीपीएल के अंतर्गत आते हैं, करीब 10 करोड़ परिवार आते हैं, 50 करोड़ की आबादी आती है, जिनके लिए कोई सुविधा नहीं है। स्वास्थ्य के माध्यम से अगर देखा जाए, तो किसी को किडनी फेल्योर होता है, किसी को हार्ट अटैक होता है और किसी को दूसरी बीमारी लगती है, इनके इलाज पर बड़े-बड़े खचे आते हैं। जो लोग कंदराओं में रहते हैं, उनके पास जीवन यापन के लिए साधन नहीं हैं, तो वे लोग कहां से चार लाख रुपये, पांच लाख रुपये इलाज करवाने के लिए देंगे, स्वास्थ्य को ठीक

[श्री शमशेर सिंह मन्हास]

करवाने के लिए देंगे, वे कैसे अपने स्वास्थ्य को ठीक करवाने के लिए जाएंगे, वे कैसे आपरेशन करवाने के लिए जा पाएंगे? इसीलिए सरकार की ओर से उनके लिए पांच लाख के स्वास्थ्य बीमा की योजना बनायी गयी है, जो कंदराओं में रहते हैं। हम तो केवल सोचते हैं, विचार करते हैं और विचारों को क्रियान्वित भी करना पड़ेगा। इन योजनाओं को नीचे तक पहुंचाने के लिए हम जो प्रयास कर रहे हैं, वे पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं। बंधुओ, जिस प्रकार से पहाड़ों पर किसानी होती है, आपने देखा होगा कि वहां पर ट्रेक्टर नहीं चलता है, वहां पर हल से जुताई नहीं हो सकती, वहां पर सिर्फ कुदाल से कुदाली करानी पड़ती है और धीरे-धीरे वहां पर किसान अपनी खेती-बाड़ी प्रारम्भ करते हैं– चाहे माता हो, चाहे बहन हो, चाहे बूढ़ा हो, चाहे बच्चा हो, वह कुदाल लेकर सुबह से शाम तक कुदाली करता है, फिर चार-चार, पांच-पांच महीने बाद एक फसल पैदा होती है। वहां पर सात महीने तो बर्फ रहती है, इसलिए वहां पर ज्यादा कुछ नहीं होता है। वहां पर एक कमरे के अंदर लोग अपना जीवनयापन करते हैं। इस प्रकार के लोगों के बारे में बात होनी चाहिए, उनके जीवनयापन के लिए आज तक क्यों कुछ नहीं हुआ, 70 साल में भी लोग वहां पर ऐसे ही पड़े हुए हैं, उनके बारे में पहले से क्यों नहीं सोचा गया? हम हवाई जहाज की यात्रा तो कर सकते हैं, ऊपर से हेलिकॉप्टर के माध्यम से भाषण देने के लिए जा सकते हैं, अपने लिए वोट मांगने के लिए जा सकते हैं, किन्तु बंधुओ, उनके बारे में ईमानदारी से सोचा जाए और उनको मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवायी जाएं।

वहां पर पशु रखे जाते हैं और पशुओं के लिए वैटरनरी अस्पताल होने चाहिए, लेकिन वहां तो वैटरनरी डिस्पेंसरी तक नहीं है। अभी मैंने जिस गांव को गोद लिया है, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जिस गांव को लिया है, उसमें अभी विकास का काम शुरू करवाया है। वह काम भी तीन वर्षों के बाद पूरा होगा, फिर वहां पर लोग आसानी से जा सकेंगे। इस प्रकार की सुविधाओं से वंचित रहकर ये सारी चीज़ें हो रही हैं। इसीलिए मैं चाहता हूं कि आने वाले दिनों में केवल हम क्वेश्चनेयर ही नहीं बनाएं, पूछताछ न करें, बल्कि मैं कहता हूं कि आपने हम पर उम्मीदें लगायी हैं और हम आपकी उम्मीदों पर पूरे खरे उतरेंगे। आने वाले समय में हम इन सारी चीजों को पूरा करने के लिए तत्पर हैं, चाहे स्वास्थ्य का मामला हो, चाहे शिक्षा का मामला हो, चाहे कृषि का मामला हो, चाहे किसान का मामला होगा, चाहे पढ़े-लिखे नौजवानों का मामला होगा और हम बेरोजगारी को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। अभी वहां पर किसानों के लिए फूड प्रोसेसिंग के माध्यम से 1400 करोड़ रुपया दिया गया, जिससे कि वहां पर अच्छी तरह से फूड प्रोसेसिंग हो सके। इससे पहले इसके लिए 200 करोड़, 250 करोड़ रुपये देते थे और वह जाता कहां था ? आप जानते हैं कि अगर पिछले घोटालों को निकाला जाए, तो पूरे 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला था। वह पैसा कहां गया? अगर वह पैसा देश के विकास में लगता, उन कंदराओं में लगता, तो अपने देश का अच्छा विकास होता। आज यह देश सोने की चिड़िया बनने जा रहा है। यह सोने की चिड़िया बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। हमारे प्रधान मंत्री जी द्वारा जिस प्रकार की राह दिखाई गई है, उस राह को हमें देखना होगा, उस राह पर हमें चलना होगा। अगर हम ईमानदारी से इस राह पर चलेंगे, तो पूरा देश आगे बढ़ेगा।

दूसरा, बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्लान के अंतर्गत वहां पर इस प्रकार से योजनाएं बनायी गयी हैं कि बॉर्डर पर रहने वाले बंधुओं को सुविधाएं मिल सकें। पिछले दिनों में उनको केवल गोली

मिलती थी, जिसके कारण वे वहां से उजड़कर 10 किलोमीटर, 15 किलोमीटर, 20 किलोमीटर पीछे आते थे और उनको बसाने में 10-15 वर्ष लग जाते थे। आज जैसे ही वे बंधु बॉर्डर एरिया से वहां पर आते हैं, उसी दिन से उनके लिए मकानों का किस प्रकार से निर्माण हो सके, किस प्रकार से उनको बसाया जाए, इसके लिए हम प्रयास करते हैं। ये सारी योजनाएं कौन बना रहा है, किसके अंतर्गत बन रही हैं? अगर बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्लान के अंतर्गत इस प्रकार की योजना न बने, तो वे बंधु उजड़कर रह जाएंगे। सुरक्षा की दृष्टि से देखा जाए, तो कश्मीर में 1990 से आज तक किस प्रकार के हालात बने हुए हैं, किस प्रकार का वातावरण बना हुआ था? मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि आप मेरे साथ श्रीनगर में आइए, मैं पूरा कश्मीर घुमाकर लाता हूं, आपको बिल्कुल सुरक्षित और आराम से सारे टूरिस्ट स्पॉट्स दिखाकर लाऊंगा। इस प्रकार का वातावरण किस ने खड़ा किया? यह हमारी सरकार ने किया है। हमारे गृह मंत्री ने किया है। महोदय, इस प्रकार का वातावरण बनाने के लिए हमें आगे बढ़ना होगा। अगर इस प्रकार की बातों को लेकर हमें केवल questionnaire प्राप्त करना है, हमें पूछताछ करनी है, हमें नुक्ताचीनी करनी है, टीका-टिप्पणी करनी है, तो आप टीका-टिप्पणी करते रहिए, लेकिन हम वहां आगे बढ़कर लोगों की सेवा करते रहेंगे क्योंकि लोगों की सेवा करना हमारा कर्त्तव्य है, हमारा दायित्व है, हमारा फर्ज है। यह देश मेरी मां है और मैं इस का पुत्र हूं और पुत्र होने के नाते मैं हमेशा मां की सेवा के लिए तत्पर रहूंगा। मैं इन्हीं शब्दों के साथ अपनी वाणी को विराम देता हूं। भारत माता की जय, धन्यवाद।

श्रीमती रेणुका चौधरी (आंध्र प्रदेश): महोदय, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे भी बोलने का मौका दिया है। आप जानते हैं कि जब देश में बजट पेश किया जाता है, तो ऐसा नहीं कि उस पर देश के मशहूर Economists बैठकर सोचते हैं, वे आंकड़े और दिशा जरूर बनाकर देते हैं, मगर भारतवासी और मेरे जैसी गृहस्थ महिला भी बजट की ओर देखती है कि हमारी जिंदगी पर इस का आने वाले साल में क्या असर पड़ने वाला है? हम कहां पैसे की बचत करें? वह कैसे परिवार की प्रोग्रेस देखे, बच्चों को कैसे शिक्षित बनाए और अगर एक सामान्य किसान का परिवार है, तो उसे कई बातों को सोचना पड़ता है। इसलिए जब बजट पेश होता है, तो सिर्फ बातों से हवा महल की तरह बात करेंगे, तो कुछ नहीं मिलता है।

महोदय, ये मेरे colleagues यहां इतनी देर से खड़े हैं, ये इतने दिनों से आवाज उठा रहे हैं और हमारे respected colleague Dr. K. Keshava Rao जी बहुत गर्म होकर बोले हैं। वास्तव में तेलंगाना और आंध्र प्रदेश हमारे जुड़वां बच्चे थे, लेकिन आज एक तेलुगू दूसरे तेलुगू से लड़ रहा है, खून बह रहा है, वहां नदी-तालाब सूख गए हैं। एक नया राज्य बनना था, मगर हुआ क्या? अगर कोई फैसला इस घर में होता है, तो क्या सरकार की जिम्मेदारी नहीं बनती कि उसे निभाया जाएगा? अगर सरकार बदल जाती है तो क्या वायदा निभाया नहीं जाता है? Why has Andhra Pradesh not been given their status as a special category status? Why have they not been given? इन को मना करने का क्या कारण है आपके पास? You had said that you will allocate funds. What is the percentage that you have actually allocated? Do you know what is happening in Telangana as well? Under PMGSY, you have given us tokenism. हम tribal welfare development के लिए जरूर budget heads के नीचे गए हैं। मेरा जिला खम्मम है, जहां तेलंगाना में सब से ज्यादा tribals रहते हैं। हमारे तंडागुडम में, हमने

[श्रीमती रेणुका चौधरी]

जो उसे नाम दिया है, वहां हमें चलने का अधिकार नहीं है। वहां हमारे घरों से सड़क तक पहुंचने में तीन-तीन दिन लगते हैं। महोदय, यह बहुत बेरहम सरकार है और ये सिर्फ दिखाने के लिए बजट में बड़ी-बड़ी बातें बोलती है। वास्तव में हो क्या रहा है? आपने किसानों को बहुत उम्मीद दिलायी कि आप किसान का बजट पेश कर रहे हैं। हमने भी सोचा कि शायद ऐसा होगा। मैं आपकी मजबूरी समझती हूं। आज आप को देश भर के किसानों की आह लग रही है। यह बात आपको समझ आ गयी है और अगले साल चुनाव होंगे, इसलिए आप जल्दबाजी में किसान का बजट लेकर आए। इस में आपने उन्हें कितने पैसे दिए हैं? What is your overall percentage that you have increased in the allocation? यह मुझे समझाइए। आप एम.एस.पी. देंगे। आप समझते हैं कि एम.एस.पी. क्या चीज है? आप और आप के बाबू लोग ए.सी. कमरों में बैठकर, जिन्होंने कभी जमीन को जोता नहीं, जब आपने कभी देखा ही नहीं, वह तकलीफ आपको महसूस ही नहीं हुई जब हम खेत में खड़े रहते हैं और हमारी फसल सूख जाती है या bumper crop लेकर हम मार्केट चले जाते हैं और अच्छा rate रेट नहीं मिलता है, तो क्या आप जानते हैं कि वह तकलीफ कैसी है? क्या आप जानते हैं कि जो हम महिला किसान होती हैं, तो हमने अपना मंगलसूत्र तक गिरवी रखा है, ताकि हमारी फसल अच्छी पैदा हो? ...(**व्यवधान**)... हमें समझ में आ गया कि आपको जानकारी नहीं है। आपके सवालों से समझ में आ जाता है कि आपको बिल्कुल जानकारी नहीं है। आप और ज्यादा मत बोलिए, नहीं तो सारी पोल खुल जाएगी। इसलिए मैं कहती हूं कि आप सोच-समझकर कदम उठाएं। किसान का आक्रोश खत्म होने वाला नहीं है, यह तो शुरुआत है, मेरे भाई! हम इलेक्शन तक देखते रहेंगे कि MSP क्या है और किसान का ABC क्या है, आपको समझ में आएगा। आप कह रहे हैं कि हम इसको extension of MSP देते जा रहे हैं बाकी crops के लिए, तो इसका फैसला कौन करेगा? इसका फैसला नीति आयोग करेगा मगर यह नहीं कहा गया कि इसका खर्चा और कर्जा कहां से आएगा। इसके लिए कोई Budget allocation ही नहीं है और Ministry of Agriculture and Farmers Welfare के लिए कोई allocation नहीं है, तो फिर आप Revised Estimate में क्या लेकर आए हैं? मुझे यह बात समझ में आ रही है, लेकिन इन नए राज करने वालों की समझ में नहीं आ रही है। आपके यहां तो कह देते हैं कि लाल किले से भी लोग बोलते हैं, मगर होता क्या है कि घूम-फिर कर आप राज्य सरकारों के ऊपर खर्चा डाल देते हैं और हमारी राज्य सरकारें यह खर्चा उठा नहीं सकती हैं। मगर आप ड्रामा तो बहुत अच्छा करते हैं। आप देखते रहिए, आज के दिन जब किसान मार्केट चला जाता है, तो क्या आप उसको ...(**व्यवधान**)... आप मेरी बात विनम्रता से सुनिए। आपको सच सुनने का हौसला भी रखना चाहिए, क्योंकि सच बहुत कड़वा होता है। मैं जानती हूं कि कभी-कभी यह सच चुभ जाता है। ...(**व्यवधान**)... आपने हाउस में आकर कह दिया, We are forced to bring up the price of farmers. महोदय, आज कम से कम यह सरकार किसानों के बारे में बोल रही है और ये कम से कम उनका नाम तो ले रहे हैं। पहले तो यह भी नहीं होता था। But, what are the outlays for the market intervention and price support scheme? जो बहुत जरूरी है। ये क्या करें, उसमें गिरावट है। From ₹ 950 crores of Revised Estimate of last year to 200 करोड़। आप हमें 200 करोड़ में किसान का भविष्य दिखा रहे हैं, वाह रे वाह! यह मुझे समझ में नहीं आया। आपने जो यह NPA write-off industry के लिए दिया है, इससे किसी की एक दमड़ी की भी नौकरी नहीं लगी। जब आपने industry में relief दिया है, तो हमारे किसानों को कर्जे में relief नहीं देंगे? किसान की debt relief के लिए आपने आज

5.00 P.M.

तक दो कौड़ी भी नहीं दी है। हमारे किसान हर रोज आत्महत्या कर रहे हैं। आज मुझे यह कहते हुए ज्यादा दुख हो रहा है कि मेरे क्षेत्र खम्मम में भी एक किसान ने आत्महत्या की है। उसने दो बोर वैल खोदे, लेकिन उनमें से एक बूंद पानी भी नहीं निकाला। हम वहां कपास bumper crop उगाते हैं, पैडी उगाते हैं और मिर्च उगाते हैं। एक बार कर्जे के रूट पर चले गए, तो किसान को कोई यू टर्न नहीं मिलता है। इन tenant farmers की क्या हालत है? आप लोगों ने कभी जमीन कोल पर ली है, क्योंकि हमारे पास इतनी हैसियत नहीं है कि अपनी जमीन रहे। जब हम कोल पर जमीन लेते हैं और फसल बोते समय नुकसान हो जाता है, मैंने अपने बजट में बड़े गौर से देखा है, इनके लिए एक भी लफ्ज़ नहीं है, एक सोच नहीं है और एक विचार नहीं है कि कोलदार का क्या हाल होगा? ...(**समय की घंटी**)... महोदय, माफ कीजिए। आप मेरी तरफ देखकर घंटी मत बजाइए। आप देखिए कि सूइसाइड करने वालों में तेलंगाना और ओडिशा में जितने भी कोलदार tenant farmers हैं, इनके लिए तो कोई सहूलियत नहीं है और इनके लिए इस बजट में कोई सपोर्ट भी नहीं है। महिला किसान का – वैसे तो इस हाउस में हमने महिला की गरिमा और मर्यादा देख ली है, मगर क्या आप जानते हैं कि महिला किसान के हालात कैसे होते हैं? There is no gender-desegregated land record. क्या कोई एग्रीकल्चरल क्रेडिट मिल रहा है? जब कभी नेचुरल डिजास्टर हो जाती है तो क्या हमें SHG loans की कोई छूट मिलती है? आपके बैंक्स वसूली तो बड़ी अच्छी कर लेते हैं, लेकिन आप यह बताइए कि आपने आज के दिन में एग्रीकल्चरल क्रेडिट में कितना खर्च किया है? आपके बैंक्स हमारे गरीब किसान के घर से, जब उसके घर पर कुछ और नहीं बचा होता तो उसके घर की चौखट तक लेकर चले जाते हैं। उसके बाद बड़ी-बड़ी इंडस्ट्री वाले लोग अपनी Mercedes-Benz में देश भर में घूमते हैं। क्या आपको पता है कि मर्सिडीज़ लग्ज़री कार की ईएमआई ट्रैक्टर की ईएमआई से सस्ती है? ट्रैक्टर का क्या दाम है और क्या क्वालिटी है? क्या आपने कभी चलाकर देखा है? आज के दिन देखें, तो ट्रैक्टर का वजन कम हो गया है। ...(**समय की घंटी**)... जब हम खेत जोतने जाते हैं तो हमारा ट्रैक्टर उठ जाता है, क्योंकि उसके गेज में कमी आ गई है। आप देखिए कि आपने महिला किसान को कुछ नहीं दिया है। landless women, especially, Dalit women, expansion of higher maternity and ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BASAWARAJ PATIL): Renukaji, I have given double time to you. Please conclude. ...(*Interruptions*)...

श्रीमती रेणुका चौधरीः उपसभाध्यक्ष जी, बस एक मिनट। मैं कनक्लूड कर रही हूं। अब मैं स्वास्थ्य के बारे में क्या बताऊं? सरकार तो तंदुरुस्त लगती है, मगर पीछे से कुछ कहने के लिए तो आपने कुछ कह दिया है कि देश भर में इतने सारे इंश्यारेंस होंगे, लेकिन आप भी जानते हैं कि यह होने वाली बात नहीं है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल): होगा, होगा।

श्रीमती रेणुका चौधरीः आप बोलिए, लेकिन हमें झूठी उम्मीदें मत दीजिए, क्योंकि हम अपने मदों से आटे के डिब्बे में छिपाकर, दमड़ी-दमड़ी जोड़कर पैसों की जो बचत करते हैं, हम वह पैसा भी यह सोचकर खर्च कर लेंगे कि सरकार हमारा सहारा बनेगी। महोदय, यह होने वाली बात नहीं है। आप मुझे सारी स्कीम्स के आंकड़े दें। आपने घंटी बजा दी है, इसलिए मैं मजबूर हूं

[श्रीमती रेणुका चौधरी]

कि मैं इस पर संक्षेप में बोलूं, पर आप मुझे बताइए कि PMRPRY, इस स्कीम के अंदर आपने एक पैसा allocate नहीं किया। "प्रधान मंत्री राष्ट्रीय पकौड़ा योजना" में कहीं भी एक पैसा नहीं दिया है ...(**व्यवधान**)...

श्री नीरज शेखरः मुझे ऑब्जेक्शन है। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती रेणुका चौधरीः महोदय, मुझे skill development पर यह कहना था कि हमें इस head के नीचे कहीं भी कुछ पैसे नहीं मिले, मगर this is the crucial part. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BASAWARAJ PATIL): Renukaji, please conclude.

श्रीमती रेणुका चौधरीः महोदय ...(**व्यवधान**)... Sir, I am concluding. ...(*Interruptions*)... इसका फिस्कल टारगेट ...(**व्यवधान**)... 3.2 परसेंट से उतर गया है। You have failed to deliver on the 3.2 per cent target for next year's balance. उस तरफ से अभी एक भाई साहब कह रहे थे कि हमने Food Park दिया। क्या आपको food processing पर जानकारी है कि उन दिए हुए 42 Food Parks में से 4 चलते हैं, वे भी लंगड़ाते-लंगड़ाते। आपके आंकड़े देने से तो वे चार भी नहीं चल रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): रेणुका जी, मैं दूसरे सदस्य का नाम ले लूंगा, आप समाप्त कीजिए।

श्रीमती रेणुका चौधरीः सर, एक मेन मुद्दा है। महिलाओ के निर्भया फंड में भी कटौती हो गई। निर्भया फंड में भी कटौती हो गई, हालांकि निर्भया क्या है? एक औरत के साथ बलात्कार होने के बाद उसको कुछ सहूलियत और छूट देने के लिए कुछ व्यवस्था रखते हैं, मगर मैं सोचती हूं कि इस निर्भया फंड को हटा ही दें, क्योंकि बलात्कार की शिकार महिला की मर्यादा का सवाल है। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): मैं अगला नाम बोलता हूं, श्री अनिल देसाई।

श्रीमती रेणुका चौधरीः * और गृह मंत्री, जिनको हमारी रक्षा करनी चाहिए, जिन्हें कानून बनाना चाहिए, वे भी ट्वीट करते हैं। अगर इस हाउस में ये हालात हैं, तो सड़क पर ...(**व्यवधान**)... क्या इशारा ...(**व्यवधान**)... हो गया है? आप किस बात पर बोल रहे हैं? ...(**व्यवधान**)... आप महिला सुरक्षा के लिए क्या कहते हैं? ...(**व्यवधान**)... महिलाओं के लिए ...(**व्यवधान**)... क्या करते हैं? ...(**व्यवधान**)... आप आंकड़े देते जाते हैं ...(**व्यवधान**)... आंकड़े दिखाते हैं। ...(**व्यवधान**)... महोदय, इन आंकड़ों से कुछ नहीं होगा। ...(**व्यवधान**)... आपका इरादा होना चाहिए। ...(**व्यवधान**)... महिलाओं की मर्यादा होनी चाहिए। ...(**व्यवधान**)... अगर आप यह नहीं दे सकते हैं, तो * से इस बजट का ड्रामा मत कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री मुख्तार अब्बास नक़वी): माननीय सदस्या ने माननीय प्रधान मंत्री जी के लिए जो बात बोली है ...(**व्यवधान**)... वह unparliamentary है। ...(**व्यवधान**)...

---

*Expunged as ordered by the Chair.

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): जो अनपार्लियामेंटरी शब्द हैं, मैं उन्हें निकाल दूंगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी: उनके लिए जिस तरह की भाषा बोली गई है, उसको expunge किया जाए।

उपसभाध्यक्ष (श्री बसावाराज पाटिल): expunge किया जाएगा। श्री तिरुचि शिवा, आप बोलिए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Please sit down. ...(*Interruptions*)... I will take care. ...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)...

PROF. M. V. RAJEEV GOWDA: Sir, I want to conclude. ...(*Interruptions*)... May I conclude? ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): By this time, you would have concluded. ...(*Interruptions*)... By this time, you would have concluded. ...(*Interruptions*)... Don't waste the time. ...(*Interruptions*)..., Please sit down. ...(*Interruptions*)...

श्री नीरज शेखरः बीजेपी के लोगो, महिलाओं का सम्मान करना सीखिए। वे इस सदन की सब से वरिष्ठतम महिला हैं।

PROF. M. V. RAJEEV GOWDA: I want to point out one thing. In the other House the Prime Minister quoted Basavanna, our great social reformer from Karnataka. Sir, in one of his famous Vachanas, Basavanna says:

kalabeda kolabeda

husiya nudiyalu beda

'Husiya nudiyalu beda' means 'do not utter falsehoods'. Sir, this Government's promises during their election campaigns, their actual practice during the Budget, their statement outside and their statement inside, are all falsehoods. They will come face to face with the truth in the coming elections starting from Karnataka. ...(*Interruptions*)... Sir, we will show them. ...(*Interruptions*)... Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you, Rajeev Gowdaji; now, Shri Joy Abraham; not present. Dr. Sushil Gupta; this is your maiden speech. You will be given fifteen minutes. Kindly conclude within time.

श्री सुशील कुमार गुप्ता (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली)ः आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय और सदन में उपस्थित सभासदो, मैं इस सदन में पहली बार बोल रहा हूं और संसदीय जीवन के हिसाब से मेरी सब से कम उम्र है, इसलिए मैं कुछ गलत कह जाऊं, तो आप सब मुझे excuse करें।

महोदय, मैं मानता हूं, मुझे मालूम नहीं कि मंदिर, मस्जिद, गिरिजाघर और गुरुद्वारे में परमात्मा, अल्लाह, वाहे गुरु हैं या नहीं, परंतु मुझे मालूम है कि इस दुनिया में जितने भी जीव हैं, उन के अंदर परमात्मा का अंश है। अब अगर वह अंश निकल जाए तो मानव का शरीर

[श्री सुशील कुमार गुप्ता]

6.00 P.M.

biological degradable body बनकर रह जाता है, जिसे हम घर के अंदर दो घंटे से अधिक नहीं रख सकते। इसलिए इंसान का शरीर चलता-फिरता मंदिर है और इस मंदिर की सेवा जिस तरीके से हो सकती है, उस में सब से पहले health sector आता है।

मैं सब से पहले health के विषय पर बात करूंगा। भारत सरकार का health के ऊपर टोटल बजट का 2.24 परसेंट बैठता है, लेकिन दिल्ली सरकार ने, मेरे नेता अरविंद केजरीवाल ने health के ऊपर बजट का 12 परसेंट लगाया है ताकि हम मानव जीवन को सब से अधिक सुरक्षा प्रदान कर सकें, मानव जीवन की सब से better care कर सकें। महोदय, मुझे यह कहते हुए दुख होता है कि भारत सरकार 50 करोड़ लोगों के लिए 5 लाख रुपए की बीमा पॉलिसी ला रही है परन्तु उस बीमा पॉलिसी के लिए हेल्थ केयर सेन्टर्स कहां हैं? दिल्ली सरकार ने मोहल्ला क्लिनिक खोले, लेकिन वह केवल 158 मोहल्ला क्लिनिक ही खोल पाई, क्योंकि दिल्ली के उपराज्यपाल महोदय ने permission न देकर, उसको अटका दिया। मैं यूएनओ का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उसने मोहल्ला क्लिनिक योजना को एप्रिशिएट किया। मैं आज वित्त मंत्री जी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने वेलनेस सेन्टर के नाम पर मोहल्ला क्लिनिक की नकल की और मोहल्ला सेन्टर के नाम से पूरे हिन्दुस्तान में मोहल्ला क्लिनिक खोलना तय किया। मैं इसके लिए इनको धन्यवाद देना चाहता हूं और मैं कहना चाहता हूं कि आप जो यह बीमा योजना ला रहे हैं, इसकी बजाय दिल्ली सरकार ने जो नियम अपनाया है कि गरीब रोगी, जो महीनों तक व सालों तक सरकारी हॉस्पिटलों में नम्बर न आने की वजह से अपना ऑपरेशन नहीं करा पाता, तो दिल्ली सरकार एक महीने के बाद उनके ऑपरेशन के पैसे स्वयं देती है। भारत सरकार भी ऐसे गरीब रोगियों के इलाज के लिए स्वयं पैसे दे और उनका प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज करवाए। यानी बीमा कम्पनियों को पैसा देने के बजाय गरीब व्यक्ति का सीधा इलाज हो और वह प्राइवेट हॉस्पिटल्स के अंदर जाए। मैं कहना चाहता हूं कि अरविन्द केजरीवाल जी ने जो हार्ट केयर सिस्टम दिल्ली के अंदर चलाया है, उसके तहत मोहल्ला क्लिनिक के अंदर 100 से अधिक किस्म की दवाइयां, दो सौ से अधिक किस्म के टेस्ट मुफ्त किए जाते हैं। मैं आप से भी निवेदन करता हूं कि जो आप वेलनेस सेन्टर्स बना रहे हैं, उनके अंदर भी इसी प्रकार की योजनाएं लाएं, ताकि गरीब से गरीब व्यक्ति अपने घर के नजदीक, जो प्राइमरी हेल्थ सेन्टर्स आपको बनाने चाहिए थे, उनको नहीं बनाया तो, उनके अंदर जाकर अपना इलाज करा सके।

मैं इसके साथ ही साथ यह भी कहना चाहता हूं कि देश की आजादी को 70 वर्ष हो चुके हैं। हिन्दुस्तान के संविधान को लागू हुए 68 वर्ष हो सकते हैं, हमारे संविधान के पहले पृष्ठ पर लिखा है कि हिन्दुस्तान संप्रभुता सम्पन्न देश, जिसमें पंथनिरपेक्ष समाज को धार्मिक समानता होगी। मैं कहता हूं कि आज भी देश की महिलाओं को साढ़े छः बजे के बाद घर से निकलने से पहले सोचना पड़ता है कि घर से निकलूं या न निकलूं, तो इस देश की सरकार ने कैसी समानता दी है? आज भी सदन के अंदर और सदन के बाहर महिलाओं का उपहास किया जाता है, तो फिर कैसी समानता देश के संविधान निर्माताओं ने दी है? मैं कहना चाहता हूं कि आज भी देश के बॉर्डर पर सैनिक मरता है, हम चुनाव के समय कहते हैं कि हम एक के बदले दस सिर लेकर आएंगे, जबकि वास्तविक स्थिति इसके विपरीत होती है, हमने उनकी रक्षा के लिए क्या कुछ किया है? क्या हमने उनके लिए कोई ठोस नीति बनाई है? मैं यह कहना चाहता हूं कि इसका

एक सुगम तरीका है कि आप हिन्दुस्तान को शिक्षित करें और शिक्षा के ऊपर अधिक से अधिक बजट लगाएं।

महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान सरकार का जो शिक्षा के ऊपर बजट है, उसमें वह 2013-14 में साढ़े चार प्रतिशत था, जो 2016-17 में घटकर 3.65 प्रतिशत रह गया। 2017-18 में यह 3.71 परसेंट हो गया और इस बजट में आपने साढ़े तीन परसेंट का प्रोविज़न रखा है। इसके विपरीत दिल्ली सरकार ने अपना बजट 24 परसेंट शिक्षा के ऊपर रखा है।

मैं कहना चाहता हूं कि शिक्षा और चिकित्सा एक ऐसा माध्यम है, जो हिन्दुस्तान के सौ परसेंट लोगों के काम आता है। हिन्दुस्तान का बजट ऐसा नहीं बनना चाहिए कि पांच या दस परसेंट चन्द अमीर लोग उसके ऊपर निर्भर होकर देश की सारी सम्पत्ति को खा जाएं। आज 68 वर्ष बाद भी कैसी समानता सरकारें दे रही हैं? 2016-17 के अंदर देश का 53 परसेंट पैसा कुल मिलाकर एक प्रतिशत से कम लोगों के पास था, लेकिन जो 2017- 2018 के अंदर बढ़कर 73 परसेंट पैसा एक परसेंट लोगों के पास चला गया। आप लोग संविधान के दायरे में यह कैसी समानता लाना चाहते हैं? मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि सरकार चाहे कोई भी आए, पार्टी चाहे कोई भी आए, परन्तु देशहित सबसे ऊपर होना चाहिए। अगर आपको देशहित सबसे ऊपर लाना है, तो शिक्षा को ऊपर लाना पड़ेगा और हिन्दुस्तान को शिक्षित करना पड़ेगा। मैं कहना चाहता हूं कि भारत सरकार का शिक्षा के ऊपर साढ़े तीन परसेंट बजट है, आप उसको बढ़ाकर दिल्ली सरकार की तरह 24 परसेंट कीजिए। पूरे हिन्दुस्तान के इंफ्रास्ट्रक्चर की ये शिक्षित हिन्दुस्तान के नौजवान अपने आप तकदीर बदल देंगे और, हम अपने आप दुनिया के पहले नम्बर पर जाएंगे, फिर हिन्दुस्तान को आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता है। मैं कहना चाहता हूं कि आज भी आप हिन्दुस्तान सरकार के राइट टू एजुकेशन एक्ट को देखिए, हर एक किलोमीटर के ऊपर प्राइमरी स्कूल होना चाहिए और हर तीन किलोमीटर के ऊपर एक मिडिल स्कूल होना चाहिए। आज भी बीस-बीस, पच्चीस-पच्चीस किलोमीटर पर स्कूल नहीं है। क्या हम इस देश के अंदर ऐसी स्थिति लाना चाहते हैं? अगर यह आर्थिक असमानता रही, शिक्षा का अभाव रहा, तो वह दिन दूर नहीं, जब इस देश के अंदर अपराध बढ़ेंगे, इस देश के अंदर गरीब लोग अमीर लोगों को लूटकर खाएंगे और यही कारण है कि असंतोष है। आपने अखबारों में पढ़ा होगा कि हज़ारों अमीर लोग, जो करोड़पति और अरबपति थे, वे हिन्दुस्तान छोड़कर जा रहे हैं। हिन्दुस्तान का पैसा – क्या सरकार ने कभी यह सोचा है कि ये लोग क्यों जा रहे हैं? हिन्दुस्तान का यह पैसा कहां जा रहा है, किस रास्ते से जा रहा है? क्या आपने कभी उसको रोकने का प्रयत्न किया? मैं माननीय वित्त मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि शिक्षा के नाम पर आज भी सब कुछ ठीक नहीं है। अगर आप पड़ोसी राज्यों की बात करें, तो हरियाणा में 25-25 किलोमीटर दूर तक स्कूल और colleges नहीं हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने पिछले दो साल के अंदर 25 हज़ार सरकारी स्कूल बंद किए हैं और 40 प्रतिशत बच्चे आज भी कुपोषण से ग्रस्त हैं। क्या इस हिन्दुस्तान को देखने के लिए इन शहीदों ने शहादतें दी थीं? क्या इस हिन्दुस्तान को देखने के लिए भीमराव बाबा साहेब अम्बेडकर ने संविधान बनाया था कि हम हिन्दुस्तान के लोगों को बराबरी का यह दर्जा देंगे?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Mr. Gupta, because of the time constraint, hon. Chairman has instructed to restrict the time. Kindly take two more minutes.

श्री सुशील कुमार गुप्ताः उपसभाध्यक्ष जी, मैं पहली बार बोल रहा हूं, मैंने निवेदन किया है, मेरी मेडन स्पीच है। मैं पहली बार बोल रहा हूं। देश की कानून व्यवस्था को बनाने के लिए एक ऐसा स्तर होना चाहिए, जहां सब ठीक चले। दिल्ली की व्यवस्था को देखिए, यहां चुने हुए लोगों के हाथ में सत्ता न देकर माननीय लेफ्टिनेंट गवर्नर महोदय के हिसाब से दिल्ली पुलिस चलाई जा रही है। दिल्ली के अंदर अपराध बढ़ते हैं, दिल्ली के अंदर सरेआम कत्ल हो जाता है और दिल्ली पुलिस नागंवारा। अगर लेफ्टिनेंट महोदय के पास न विधायकों से, न मुख्य मंत्री से मिलने का समय होता है। अगर दिल्ली की कानून व्यवस्था को चलाना है, तो चुनी हुई सरकार को अधिकार मिलने चाहिए। अगर चुनी हुई सरकार इसको चलाएगी तो बेहतर रहेगा। मैं माननीय श्री अरविंद केजरीवाल को फिर भी धन्यवाद देना चाहूंगा कि वे हर घर के अंदर जाकर बहुत कोशिश करते हैं। इस तरीके से नहीं – जिस प्रकार दिल्ली के तीन तरफ हरियाणा लगा है – आपने थोड़े दिन पहले की कानून व्यवस्था देखी, आपने रामपाल जी का केस देखा, राम रहीम जी का केस देखा, एक आंदोलन देखा। इस आंदोलन के तहत लोगों की संपत्तियां जलीं। कोई आदमी बोलने के लिए तैयार नहीं था, सरकार अपना राज धर्म निभाने में इसको भूल गई, सरकार कानून व्यवस्था को एक उचित दायरे के अंदर लाना भूल गई। अभी मैंने पिछलें दिनों अखबारों में पढ़ा कि हरियाणा के अंदर 13 जिलों के अंदर लगातार रेप cases हुए। महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया और मुख्य मंत्री महोदय उस पर कुछ बोलने में लाचार थे। यदि आज मध्य प्रदेश की बात करें तो नेशनल क्राइम रिपोर्ट के हिसाब से मध्य प्रदेश के अंदर 13 रेप cases प्रतिदिन होते हैं, जो हिन्दुस्तान का सबसे भयंकर गंदा रिकॉर्ड है, जो कि अनुचित रिकॉर्ड भी है। मैं इस सदन के माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि सरकार को कहीं न कहीं इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि देश की कानून व्यवस्था मजबूत बने, देश के लोगों को बेहतरीन तरीके से सुरक्षा व्यवस्था मिले। मैं कहना चाहता हूं कि पिछले चार वर्षों से यह growth-oriented Budget नहीं है। हमेशा deficit के अंदर Budget जाता है।

महोदय, इस देश के अंदर नोटबंदी, फिर जीएसटी और अब दिल्ली के अंदर सीलिंग। मैं जानना चाहता हूं कि सरकार की इन व्यापारियों से क्या दुश्मनी है? कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक लोग कहते हैं कि हमारे इधर मंदा है, व्यापार है, नौकरी नहीं है, बेरोजगार है, लेकिन दूसरी तरफ सरकार और अखबार कहते हैं कि हिन्दुस्तान तरक्की कर रहा है। हिन्दुस्तान तो तरक्की कर ही रहा है, लेकिन देश का 73 प्रतिशत पैसा, इन सब लोगों की जेब से निकलकर 1 प्रतिशत से कम लोगों के पास चला गया है, चंद घरानों के पास चला गया। क्या हम हिन्दुस्तान को यह सामाजिक और आर्थिक समानता देना चाहते हैं?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you very much, Guptaji.

श्री सुशील कुमार गुप्ताः मैं कहना चाहता हूं कि सरकार को अपना सारा धन समेटकर अरबपतियों को देने की बजाय... जिस दिन आपने बजट पेश किया, उस दिन देश का जो इंडेक्स था, देश का जो शेयर बाजार था, उसमें लोगों के अरबों रुपये, करोड़ों रुपये तबाह हो गए, क्योंकि देश के मध्यमवर्गीय लोगों ने जिंदगी भर पैसा कमाकर अपनी कैपिटल शेयर बाजार में लगाई थी। आपने एक राहत कही कि हम इसके ऊपर लांग टर्म कैपिटल गेन्स लगाएंगे और शेयर बाजार धड़ाधड़ गिरता चला गया। आपने इस सदन के अंदर कहा कि हम एक्साइज़ ड्यूटी घटाकर, देश के अंदर न्यूनतम पेट्रोल की कीमत घटाएंगे, लेकिन उसी दिन, उसी रात में बाजार

के अंदर पेट्रोल महंगा हो गया, आपने उसका बाजार भाव बढ़ा दिया। हम देश की जनता को क्या संदेश देना चाहते हैं? मैं कहना चाहता हूं कि माननीय वित्त मंत्री महोदय यहां पर बैठे हैं, आप एक ऐसी योजना लेकर आएं, जिससे देश का व्यापारी शिक्षा के माध्यम से, चिकित्सा के माध्यम से, एक अतिरिक्त टैक्स के माध्यम से अपने आपको इस देश के अंदर सुरक्षित महसूस करे। उसका व्यापार बढ़े और दिल्ली में सीलिंग से मुक्ति मिले। व्यापारियों के साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमारे जो नौकरी पेशा हैं, हमारे जो सर्विस क्लास के लोग हैं, उनके लिए आपने 2014-15 से टैक्स फ्री इनकम ढाई लाख रुपए रखी है। जब आप विपक्ष में रहकर प्रतिपक्ष के नेता थे, इसी सदन में आपने कहा था कि टैक्स फ्री इनकम पांच लाख रुपए होनी चाहिए और आपने यही बात अपने अमृतसर के चुनाव के दौरान भी कही थी। महोदय, मैं आपसे करबद्ध प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस देश के सर्विस क्लास लोगों के लिए आप इस टैक्स फ्री इनकम की सीमा को बढ़ाइए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): One moment, please. I do not want to interrupt your maiden speech but considering the situation and time constraint, please take one more minute and conclude.

श्री सुशील कुमार गुप्ताः ठीक है, महोदय। मैं यह कहना चाहता हूँ कि आपने 40,000/-रुपए की स्टैंडर्ड डिडक्शन तो दी, लेकिन उसके विपरीत आपने घुमाकर उसे वापस भी ले लिया, क्योंकि आपने मेडिकल, ट्रांसपोर्ट चार्जेज की डिडक्शन की छूट वापस ले ली और साथ ही 4 परसेंट का सेस भी लगा दिया। मैं चाहता हूँ कि इस 40,000/-रुपए की छूट को बढ़ा कर 75,000/- रुपए करें। माननीय महोदय के माध्यम से मैं यह निवेदन करना चाहता हूँ कि इस ढाई लाख रुपए की टैक्स फ्री इनकम को आप पांच लाख रुपए करें, ताकि देश के नौकरी पेशा लोग अपनी मेहनत की कमाई से यह फील कर सकें कि हम इस देश के अंदर आराम से रह रहे हैं।

महोदय, मैं रोजगार की बात करना चाहता हूं। हमें नए रोजगार के लिए साधन खोजने चाहिए। बजट के अंदर ऐसा प्रोविजन होना चाहिए कि देश का पढ़ा-लिखा नौजवान, युवा बेहतरीन नौकरी पा सके। आज जो यहां पर जुमला बना – पकौड़ा रोजगार योजना या और कोई योजना, मैं उनकी बात नहीं करना चाहता, मैं सीधे-सीधे सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि आप ऐसे संसाधन उत्पन्न करें, जिनसे देश के लोगों को रोजगार मिले। रोजगार न मिलने से युवक गुनाह के रास्ते पर चल पड़ते हैं और जब युवक गुनाह के रास्ते पर चलेंगे, तो उसका खामियाज़ा आज के पूरे हिन्दुस्तान को ही नहीं, आने वाली जेनरेशंस को भी भुगतना पड़ेगा और फिर उनको उस रास्ते से वापस लाना मुश्किल होगा। अंत में, मैं यह कहना चाहता हूँ कि इस देश के किसान को यूरिया, खाद्यान्न के समर्थन मूल्य की बात करते हैं, बीमा फसल की बात करते हैं, लेकिन यथार्थ में कुछ नहीं मिलता। आप उसको यथार्थ में लाइए, ताकि देश का किसान, जो हमारा अन्नदाता है, उसको हौसला मिले।

महोदय, मैं एक मिनट और लूंगा। मैं कहना चाहता हूँ कि चुनाव के दौरान यह कहा गया था कि पाकिस्तान अगर हिन्दुस्तान के जवान का एक सिर काटेगा, तो उसके बदले में हम दस सिर काट कर लाएंगे। आज उसके विपरीत माहौल दिख रहा है। देश की सेना का मनोबल ऊंचा करने के लिए अगर कोई जवान शहीद होता है, तो उसके परिवार को एक करोड़ रुपए मिलने चाहिए और बजट में यह प्रोविजन भी होना चाहिए कि उसके बच्चे को भी नौकरी मिलेगी, ताकि देश के जवान सीना चौड़ा करके अपनी ड्यूटी निभाएं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Kindly understand the situation and conclude in one minute. Please wind up.

श्री सुशील कुमार गुप्ताः महोदय, मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि दिल्ली के विकास की बात होती है और आए दिन धमकी दी जाती है, कभी दिल्ली का पानी पड़ोसी राज्य रोक देता है, दिल्ली के डीडीए में एक ऑर्गेनाइजेशन बना दी गई, जो बीस साल का मास्टर प्लान अंतिम साल में पूरा करती है और अंतिम साल के अंदर कहते हैं कि यह समय पूरा हो गया, नया मास्टर प्लान बनेगा।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): You are speaking well but there is no time. I have to call the next speaker.

श्री सुशील कुमार गुप्ताः महोदय, मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि दिल्ली के अंदर लाखों लोग मलिन बस्तियों के अंदर अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं। देश की राजधानी का चेहरा हम क्या बनाना चाहते हैं? उनको पक्के मकान बना कर देने होंगे।...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Shrimati Viplove Thakur.

श्री सुशील कुमार गुप्ताः यह काम भारत सरकार करे।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): It is enough.

श्री सुशील कुमार गुप्ताः महोदय, मैं अंतिम बात कहना चाहता हूँ कि उनको आप चार मंजिले पक्के मकान बना कर दें। इससे आपको 75 परसेंट जमीन खाली मिलेगी। उसके बाद उनकी शिक्षा के, चिकित्सा के लिए काम हों।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): You have conveyed enough. Thank you, Mr. Gupta. Please conclude.

श्री सुशील कुमार गुप्ताः महोदय, मैं आपका आभारी हूँ, आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मेरे पास दिल्ली के विषय में, देश के विषय में बोलने के लिए काफी था, मैं माननीय वित्त मंत्री जी विनती करूंगा कि इन विषयों पर गौर करें, ताकि देश का भला हो सके, धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you. Now, Shrimati Viplove Thakur.

श्रीमती विप्लव ठाकुरः उपसभाध्यक्ष जी, जब देश का बजट आने वाला होता है, तो लोगों में बहुत उत्सुकता होती है। लोग बड़े ध्यान से और दिल लगा कर टीवी के सामने इसलिए बैठे होते हैं कि पता नहीं, हमें क्या मिलने वाला है, हमारी क्या भलाई होने वाली है, हमें क्या फायदा होने वाला है, हमें क्या उन्नति मिलने वाली है। यह जो बजट है, यह हर मोर्चे पर विफल रहा है, कोई भी वर्ग इससे खुश नहीं है। न तो किसान खुश हैं, जिनके लिए इन्होंने इतना बड़ा कहा है - farmers, farmers, farmers. आज farmers भी खुश नहीं हैं, महिलाएं भी खुश नहीं हैं, बच्चे भी खुश नहीं हैं, व्यापारी भी खुश नहीं हैं, कोई भी वर्ग इस बजट से खुश नहीं है, क्योंकि इस बजट में है ही कुछ नहीं।

मैं ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहती हूं, लेकिन मैं वित्त मंत्री जी से एक बात जानना चाहती हूं

कि इन्होंने किसान की परिभाषा क्या रखी है? क्या किसान सिर्फ वही है, जो गेहूं, ज्वार, मक्की, धान बोता है या किसान वह भी है, जो हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में रहता है, जो वहां पर सेब की फसल करता है, fruit की फसल करता है, उसे उगाता है? उसको जो नुकसान होता है, क्या उसकी भरपाई के लिए भी इन्होंने कुछ रखा है? कुछ नहीं रखा है। जितने hill areas हैं, उनके लिए स्पेशल बजट चाहिए, चाहे वह नॉर्थ-ईस्ट है, चाहे हिमाचल प्रदेश है, चाहे जम्मू-कश्मीर है, चाहे उत्तराखंड है, क्योंकि अगर यहां पर एक सड़क बनानी है, तो अगर मैदानों में इसके लिए एक करोड़ लगता है, तो पहाड़ों में इसके लिए 5 करोड़ लगता है। लेकिन इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। आज हिमाचल प्रदेश का जो सेब है, fruits हैं, सब्जियां हैं और जो वहां off season सब्जियां उगाई जाती हैं, उनके लिए भी किसी तरह का कोई प्रावधान नहीं रखा गया है। इस बजट से कोई खुश नहीं है।

महिलाओं की तो बात ही क्या करनी है! ये बहुत महिला-महिला करते हैं, उसके सशक्तिकरण की बात करते हैं, लेकिन इन्होंने उसका बजट भी कम कर दिया है। महिला के हेड में 2,700 करोड़ से 2,400 करोड़ कर दिया गया है। कुपोषण के लिए जो बात होती है, तो 1.2 करोड़ बच्चे हैं, जिनके लिए 8 हजार करोड़ चाहिए, अगर हम उनको सेहत देना चाहते हैं। इसके लिए भी कहीं प्रावधान नहीं है।

बड़ी बातें की जाती हैं। अभी गुप्ता जी ने कहा, मैं भी पिछले पेपर्स देख रही थी, जब पाकिस्तान से कहा जाता था कि एक सिर आएगा, तो हम 10 सिर देंगे। आज यहां मेरी बहन स्मृति इरानी जी नहीं बैठी हुई हैं, इन्होंने कहा था कि चूड़ियां भेजी जाएंगी। स्मृति जी, अब तो आप इस कैबिनेट में हैं, भेजने की जरूरत भी नहीं है, इनको चूड़ियां पहना ही दीजिए, जो अभी इस तरह से काम कर रहे हैं। कहां हैं वे? मैं बात नहीं करना चाहती हूं। आज रोज हमारे यहां किसी न किसी शहर में हमारे फौजी के शव आते हैं, ताबूत में डले हुए आते हैं और हम कुछ नहीं कर सकते, कुछ बोल नहीं सकते।

जम्मू-कश्मीर के हालात देखिए। अभी मेरे भाई जम्मू-कश्मीर के लिए बोल रहे थे कि क्या हुआ, क्या किया, लेकिन मेरे भाई, 2000 से लेकर 2009 तक इतनी बुरी हालत नहीं थी, जो आज हो रही है। कहां हैं वे? कहां हैं वे बातें? क्या वे केवल जुमले ही थे? आज इतना कुछ दिया गया है, ये सिर्फ बातें हैं, बातों के अलावा कुछ नहीं है।

हमारी कौन सी विदेश नीति है? हमारा कौन सा neighbour है, पड़ोसी देश है, जो हमसे खुश है? नेपाल था, हमने उसको भी गंवा दिया। श्रीलंका हमसे नाराज है, म्यांमार हमारे साथ नहीं है, बंगलादेश को देख लीजिए, चीन हमें डरा रहा है, पाकिस्तान रोज हमसे कहता है और हम विदेश घूम रहे हैं। खूब विदेश जा रहे हैं। कौन सी FDI आ गई है विदेश से, मुझे बताएं? जितना खर्च विदेशों में जाने में हुआ है, उसी से हम अपने देश का और भी भला कर सकते थे, उसको और भी उन्नत कर सकते थे। हमारी कोई नीति नहीं है।

मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। नड्डा जी यहां बैठे हैं, एक मिनट, हमारे यहां जो मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं, चाहे वह नाहन में है, चाहे हमीरपुर में है, चाहे मंडी में, जब MCI की टीम आती है, तो कहां से faculty के प्रोफेसर्स लाए जाते हैं? कभी इंदिरा मेडिकल कॉलेज से जाते हैं, कभी टांडा से जाते हैं। नड्डा जी, हमें ऐसे मेडिकल कॉलेज नहीं चाहिए, जहां पर faculty के लिए प्रोफेसर्स ही न हों। आप कौन से बच्चों को डॉक्टर बनाना चाहते हैं, जहां सुविधाएं ही नहीं हैं?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you, Viplove*ji*.

श्रीमती विप्लव ठाकुरः नहीं, ऐसा नहीं है, मैं बोल रही हूं और हमेशा मेरे साथ ऐसा किया जाता है। मैं दो मिनट में अपनी बात खत्म करती हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): One more minute, please.

श्रीमती विप्लव ठाकुरः हर प्रदेश में insurance की सुविधा है। एक साल के लिए 5 लाख तक के लिए कहा गया है।

मैं वित्त मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि इन्होंने कहा कि अगर बैंक में minimum पैसा नहीं होगा, बड़े-बड़े शहरों में यह सीमा 3 हजार है, कहीं एक हजार है, तो उसके ऊपर penalty लगेगी। वित्त मंत्री जी, penalty के ऊपर भी GST लगा दिया गया है। अगर penalty भी लेनी है, तो एक गरीब का क्या कसूर है कि वह बैंक में एक हजार रुपए भी नहीं रख सकता और उसकी penalty के ऊपर भी आपका GST है। महोदय, प्रधान मंत्री आवास योजना की बातें हो रही हैं। जो फ्लैट लेगा, उस पर भी वह जीएसटी देगा।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thakur ji, please conclude.

श्रीमती विप्लव ठाकुरः आप मुझे बताइए कि यह कहां का न्याय है? इस तरह से सरकारें नहीं चलती हैं। आप तैयार हो जाइए, क्योंकि अगर हमने गलतियां की थीं, तो हमने भुगत लीं, अब आप भी भुगतने के लिए तैयार हो जाइए। वैसे भी आपका यह बजट चार महीने का है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you.

श्रीमती विप्लव ठाकुरः आप इस फसल का इंतजार कर रहे हैं कि यह फसल आए और हम किसानों को पैसा दें, फिर अगली फसल के लिए कुछ नहीं हो।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you.

श्रीमती विप्लव ठाकुरः आप इलेक्शन जीत जाएं, यह होने वाला नहीं है। आप इस भुलावे में मत रहिएगा, क्योंकि आपको जाना ही होगा और आप जाएंगे। जनता आपसे नाराज़ है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you, Mrs. Thakur. Please.

श्रीमती विप्लव ठाकुरः आपने राजस्थान में देख लिया, गुजरात में देख लिया, बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you very much, Mrs. Thakur. Now Mr. Ashok Siddharth. Strictly you have three minutes.

श्री अशोक सिद्धार्थ (उत्तर प्रदेश)**:** सर, मुझे पांच मिनट दीजिए। दलितों के साथ ही यह अन्याय क्यों हो रहा है?

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आपने मुझे केंद्रीय बजट पर बोलने का मौका प्रदान किया, इसके लिए धन्यवाद। श्रीमन्, जैसे ही बजट सत्र आता है, वैसे ही देश के आम नागरिकों में चर्चा होने लगती है कि आने वाले बजट में उनके लिए क्या होगा? इसका कारण भारत में वित्त मंत्री के द्वारा

पढ़ा जाने वाला बजट भाषण है, जो देश के नाम एक संदेश होता है। इस संदेश से जनता को यह भी पता चलता है कि आने वाले वित्तीय वर्ष में आम जनता के प्रति सरकार की सोच क्या है?

महोदय, जहां तक वर्ष 2018-19 के बजट की बात है, भले ही सरकार की चाटुकारिता करने वाले आर्थिक विशेषज्ञ इस असंतुलित बजट को संतुलित बता रहे हों, लेकिन वास्तव में यह बजट गरीबों, मज़दूरों, छात्रों, नौजवानों, बेरोज़गारों के हित में नहीं है और खासकर दलितों और आदिवासियों के लिए इस बजट में कोई खास प्रावधान करने का काम नहीं किया गया है। किसानों से लेकर महिलाओं की स्थिति भी वैसी ही है। इस सदन के वरिष्ठ सदस्यों ने सरकार को चेताने का काम किया है, इसलिए मैं उन बातों को दोबारा दोहरा कर सदन का समय बरबाद नहीं करना चाहता हूं। इस बजट में अपने अल्प समय में ही मैं अपनी बात रखूंगा। चूंकि मैं दलित समाज से ताल्लुक रखता हूं और एक साधारण से दलित परिवार में पैदा हुआ हूं, फिर भी बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा, आदरणीया बहन जी की वजह से मुझे देश के इस सर्वोच्च सदन में आने का मौका मिला है। इस बजट में दलितों और आदिवासियों के उत्थान की बात कहीं भी दिखाई नहीं देती है, इसलिए इसके संबंध में मैं सरकार से कुछ बातें जानना चाहता हूं। जब सरकार ने 2014-15 में अपना पहला आम बजट पेश किया था, तो बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने उस बजट में दलितों के लिए, SCs/STs के लिए 2.8% का प्रावधान रखा था, जो चार साल गुज़रने के बाद, आपके इस आखिरी बजट में घट करके 2.32% रह गया। क्या चार साल में दलितों की तरक्की हो गई या फिर उनकी आबादी कम हो गई? बजट प्रस्तुत होने के बाद से लेकर अब तक यह प्रश्न हमारे दिमाग में है, जो अभी तक अनुत्तरित है कि सरकार ने इस संबंध में क्या किया है?

मान्यवर, भोजन, पानी और ऑक्सीजन की तरह मानव जीवन के लिए गरिमा और सम्मान भी जरूरी होता है, लेकिन अगर हम इस बजट के पूरे प्रावधानों को देखें, तो कहीं भी दलितों के लिए सम्मान से जीने लायक व्यवस्था करने का काम नहीं किया गया है। ...(**समय की घंटी**)... सिर्फ दो बातें कह कर मैं अपनी बात को समाप्त कर दूंगा, क्योंकि आपने स्ट्रिक्ट्ली तीन मिनट के समय के लिए कहा है। चूंकि मैं एक अनुशासित पार्टी का अनुशासित सिपाही हूं, इसलिए सिर्फ आधे मिनट में मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Three minutes are over.

श्री अशोक सिद्धार्थः माननीय वित्त मंत्री जी यहां पर बैठे हुए हैं। मैं वित्त मंत्री जी से कम से कम यह अवश्य चाहूंगा कि दलितों और आदिवासियों के लिए जो फंड का आवंटन हो, उसके लिए ऐसी नीति बनाई जाए, ताकि आज जो प्लान या नॉन-प्लान के विलय में झूल रही है, उसे वहां से हटा करके आवश्यक कानूनी रूप दिया जा सके।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): That is fine.

श्री अशोक सिद्धार्थः मान्यवर, एक मिनट और दीजिए। प्लान और नॉन-प्लान के चक्कर में दलितों और आदिवासियों के लिए जो बजट दिया जाता है, वह एक तरह से सरकार की दया पर निर्भर है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): You have made your point. Thank you.

श्री अशोक सिद्धार्थः वह सरकार की दया पर निर्भर न हो करके दलितों और आदिवासियों के लिए इस बजट में उचित व्यवस्था प्रदान करने का काम किया जाए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you Mr. Siddharth. You have conveyed your point.

श्री अशोक सिद्धार्थः सरकार में दलित समाज के लोग भी मंत्री हैं और वित्त मंत्री जी भी बैठे हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): You have made your point. Thank you.

श्री अशोक सिद्धार्थः वे सोचें कि आज दलित समाज के साथ जो हो रहा है, तो उनमें जो लोग बैठे हैं, उनके साथ और पूरे दलित समाज के साथ यह सरकार क्या करने जा रही है? इसके लिए उनको अपनी आंखें खोल लेनी चाहिए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Brevity is the soul of wit, Mr. Siddharth.

श्री अशोक सिद्धार्थः मान्यवर, इसी के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं, धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Now, Shri Ananda Bhaskar Rapolu. You have four minutes.

SHRI ANANDA BHASKAR RAPOLU: Respected Vice-Chairman, Sir, being the son of the weaving community, I express my anguish for reducing the Budgetary support to the handloom weaving sector from ₹ 600 plus crore to ₹ 300 crore. Being the son of the Other Backward Classes, I express my anguish about your insensitivity to our demand to have the OBC Sub-Plan. As you have done away with Plan and non-Plan Budgetary approaches, you have safely shelved the Scheduled Castes Sub-Plan and the Scheduled Tribes Sub-Plan. Hence, the demand for Other Backward Classes Sub-Plan is not being taken up seriously. This is the grave concern of more than 50 per cent of the population of India which needs to be addressed by the Union Government immediately. Being the son of Telangana, I would like to flag before you that Telangana is being deprived of the provisions that are supposed to be provided through the enactment and you are also not showing necessary concern towards the provision of schemes and programmes and providing institutes to the Telangana State. At this juncture, my brothers and sisters of Andhra Pradesh are in agitation. Yesterday, they observed total bandh throughout the residuary State of Andhra Pradesh. My colleagues in both the Houses are standing in the Well and agitating and expressing their anguish. Even earlier, I had pleaded with you to have two types of special status programmes for the States – one for the very sensitive hilly areas and another for such States which have real fiscal complications to cater to their necessities.

[THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA) *in the Chair*]

Sir, Andhra Pradesh is one such State which needs to be addressed by you with a special provision of funding and you have to assuage them by giving a new type of special status to Andhra Pradesh State. Then only, the anguish and agitation will subside. Otherwise, it will take the shape of a movement which will become a bigger problem in times to come. आपके शासन काल का अब सिर्फ एक साल बाकी है और चार साल गुजर गए हैं। "कारवां गुजर गया, गुबार देखते रहे" इन चारों सालों की आपकी सत्ता देखने के बाद लोग यह भी सोच सकते हैं कि अगर वर्ष 2014 में वर्तमान प्रधान मंत्री के बदले, श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी यदि प्रधान मंत्री बन गए होते, तो बहुत अच्छा होता। यह सोच अभी भी लोगों के दिलों में है, लेकिन बाहर निकलने का साहस नहीं हो रहा है। आपको यह बात समझनी चाहिए। अगर श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी, प्रधान मंत्री बन कर इस देश की सत्ता को चलाते, तो अटल बिहारी वाजपेयी जी के असली राजधर्म का पालन होता। उसके साथ ही साथ मैं आर्य समाज पद्धति के, ब्रह्मऋषि दयानंद सरस्वती से लेकर पं. दीन दयाल उपाध्याय तक की जो-जो विचारधाराएं हैं, उन्हें मैंने पूरा पढ़ा है। इसलिए मैं बोल रहा हूं कि आप पं. दीन दयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर भी चलने को तैयार नहीं हैं। आपका असली चेहरा अब सामने आ रहा है। इसलिए पूरे देश की जनता आपसे व्यथित है। वह आपके सामने है। You know that. You understand the gravity of the turmoil that is brewing all across the country. Your GDP is not being believed. Your arithmetic is not being believed. And you have the phobia for Pandit Jawaharlal Nehru. Thanks to your memory, *ninda* is also a great *stuti* before the spiritual authority. If you respectfully blame somebody in the form of *ninda stuti*, it will also become a prayer. You are obsessed with Pandit Jawaharlal Nehru. He brought in the mixed economy. He ensured what is there today before you and what you are administering now. Have you ever bothered to look at the necessities of the Indian population? Your GDP cannot cater and it is an established fact by the well-known international economist that GDP calculation is not going to give you the necessary assessment and it will not indicate the progress and development, that is, having what you have mentioned as ease of living. It is not even ease of doing business and it is not even ease of living. In such conditions, what is supposed to be done? Recently, under the parameters of the Inclusive Development Index, seventy-four countries' emerging economies have been considered. In those seventy-four emerging economies, where is India standing?

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): आनंद भास्कर जी, आपका समय समाप्त हो गया है।

SHRI ANANDA BHASKAR RAPOLU: Please look at it. India is standing at number 62 in the ranking as we are not inclusive economically, as we are not inclusive socially and we are not at all inclusive administratively.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Please conclude. ...(*Interruptions*)... Anandaji, your allotted time is over. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANANDA BHASKAR RAPOLU: This has become a bigger complication as the doubts are looming large about the calculations of the GDP. I urge upon the Union Finance Minister to look into the possibility of inclusion and assessment of the model under way in the Inclusive Development Index which will show what exact inclusive nature we could attain with our people.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Thank you. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANANDA BHASKAR RAPOLU: Besides that, I would like to urge upon the Union Government to have federalism in a proper form. You have mentioned about the cooperative federalism but there is nothing in practice before you as the federalism. You are not taking the State Governments on board while considering the requirements and the expectations of the State.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Please conclude. ...(*Interruptions*)... Now, Shri Ripun Bora. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANANDA BHASKAR RAPOLU: Take the case of Telangana as well. This is reflecting your attitude towards the treatment towards a State. Economic federalism is required, cultural federalism is required, social federalism is required and then only the fusion of the political federalism is possible for which your Budget has now reflected which you could not convey.

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): आनंद भास्कर जी, अब आप कन्क्लूड करिए। Shri Ripun Bora. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANANDA BHASKAR RAPOLU: This has taken away the great opportunity before you as only one year is before you. I plead, I suggest, सह नाववतु, सह नौ भुनक्तु...। ॐ शान्ति, शान्ति, शान्ति। जय हिन्द।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Thank you. Shri Ripun Bora.

SHRI RIPUN BORA: Thank you, Sir. You have given me the opportunity at the end.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Five minutes only. ...(*Interruptions*)... Please conclude in five minutes. ...(*Interruptions*)...

SHRI RIPUN BORA: Sir, my humble submission to you is that I am the last speaker of my party and I am the only speaker from the North-Eastern Region, the vast and neglected region. Kindly do not interrupt me. I will speak very briefly and I will not take much time. ...(*Interruptions*)... महोदय, मैं अपनी बात की शुरूआत हमारे

वित्त मंत्री के एक quotation से करता हूं। उन्होंने जब air connectivity के ऊपर बजट दाखिल किया था, तो एयर पोर्ट बढ़ाने के लिए बोला था। उसमें उन्होंने बोला था कि हम लोग इस बजट में हवाई चप्पल पहनने वालों के लिए हवाई जहाज उपलब्ध करायेंगे। सर, सिर्फ एयरपोर्ट बढ़ा देने से हवाई चप्पल पहनने वालों के लिए हवाई जहाज उपलब्ध नहीं होगा, जब तक उनके fares कम नहीं होंगे। सर, हवाई चप्पल कौन पहनता है? जो poorest of the poor है, वह इसे पहनता है। वे लोग तीन-चार महीने पहले कभी टिकट बुक नहीं करते हैं। तीन-चार महीने पहले टिकट बुक करने से उनको 3,000 या 4,000 में दिल्ली तक का टिकट मिलता है, लेकिन उन लोगों की मजबूरी है कि उन्हें बीमारी के इलाज के लिए चेन्नई जाने के लिए, मुम्बई जाने के लिए और दिल्ली आने के लिए 24 hours-48 hours के अन्दर टिकट बुक करना होता है। हमारे गुवाहाटी से तो 48 hours में टिकट बुक करने से टिकट का दाम कम से कम 10,000 से 25,000 तक होता है। अभी हकीकत यही है कि यह जो हवाई चप्पल पहनने वाला आदमी है, उसकी एक साल की कमाई लगभग 20,000 रुपये होती है। इसके बावजूद भी हवाई जहाज में यह जो package है, baggage है, उसमें extra baggage के लिए, 1 Kg के extra baggage के लिए extra 300 रुपये देने पड़ते हैं। इसलिए यह कोई दूसरा कुछ नहीं है, बल्कि यह भी एक सपना है। जैसे मोदी जी का 15 लाख रुपये का सपना था, वैसे ही यह भी हमारे गरीब लोगों के लिए एक स्वप्न के अलावा कुछ नहीं है। Sir, my second point is, the hon. Finance Minister in the Budget...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): You please conclude. आप नियत समय में, दो मिनट आपके पास हैं, उसमें अपनी बात पूरी करिए। ...(**व्यवधान**)...

SHRI RIPUN BORA: No, Sir, you have given everybody more time. ...(*Interruptions*)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया): आपकी पार्टी के 25 मिनट ज्यादा हो गए हैं। अब खत्म करिए। ..(**व्यवधान**)..

SHRI RIPUN BORA: Sir, my second point is that in the Budget, the Finance Minister has very loudly and very proudly said that this is a Budget for the poor and this is a road map for the poor people; this is a road map for the farmers, he said these things. Now, Sir, my questions are: what steps has the Budget taken for increasing the purchasing power of the people? What steps has the Budget taken to control the sky-rocketing prices of all commodities. What steps has the Budget taken to fulfil the promises of the BJP Government to make the prices half if they come to power as what was at the time of the UPA Government. Sir, as a student of economics, I know that higher the circulation of money in the market, the higher the purchasing power of the people. Now, what has the Government done for increasing the purchasing power? They have cut the circulation of money by demonetization; by cashless economy; by digital economy, by imposing restrictions on bank withdrawals and by imposing service taxes in case of withdrawals from the ATMs. So, now, how will this purchasing power increase? On the one hand, we are curtailing the

[Shri Ripun Bora]

purchasing power and on the other hand, we have these sky rocketing prices. So far as the price rise is concerned, I do not want to talk about the other prices but I will only mention about the petrol prices.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Please conclude.

SHRI RIPUN BORA: Sir, just two minutes. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): No; only one sentence, the final sentence. ...(*Interruptions*)...

SHRI RIPUN BORA: Sir, you have given everybody five minutes. In 2004, in the international market, when the crude oil price per barrel was 30$, at that time, the petrol price was ₹ 33 to ₹ 38 and the diesel price was ₹ 21 to ₹ 27 and in 2016, when the crude oil price per barrel was 30.53$, the petrol price had gone from ₹ 59 to ₹ 66 per litre and the diesel price had gone from ₹ 44 to ₹ 52 per litre. And, now, the most unfortunate part is that, in this current year, the crude oil price has come down to the level of 2004 but in spite of that the petrol price is here approximately ₹ 73 to ₹ 75 per litre and the diesel price is ₹ 64 to ₹ 65 per litre. Now, Sir, from April, 2014 to March, 2016, prices of crude oil in the international market have fallen by 64 per cent and during this period the excise duty on petrol went up by 126 per cent. Sir, this BJP led NDA Government during their three-and-a-half years of tenure raised the excise duty by nine times and as a result, we the common people are suffering because of the sky rocketing prices. Now, Sir, the hon. Finance Minister is here; Shri Ravi Shankar Prasad is here but Shrimati Sushma Swaraj is not here and the Home Minister is not here. I want to show when during our UPA Government, there was high price, what they have done...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): All the Ministers are here. ...(*Interruptions*)... Please don't show it. ...(*Interruptions*)... Please don’t show it. ...(*Interruptions*)... Please conclude. ...(*Interruptions*)...

SHRI RIPUN BORA: No, no, Sir, Shri Arun Jaitley is here. He had started agitation all over India by showing gas cylinder...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Now, I am calling the Finance Minister.

SHRI RIPUN BORA: And, Sushma Swarajji by taking up garland of onion...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): No, not allowed. Nothing will go on record.

SHRI RIPUN BORA: *

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Thank you. Nothing is going on record. ...(*Interruptions*)...

SHRI RIPUN BORA: *

(MR. CHAIRMAN *in the Chair*)

MR. CHAIRMAN: Please. ...(*Interruptions*)... Nothing is going on record. Why are you unnecessarily wasting your energy? ...(*Interruptions*)...

SHRI RIPUN BORA: *

OBSERVATIONS BY THE CHAIR

MR. CHAIRMAN: Nothing shall go on record, both print and electronic. ...(*Interruptions*)... वित्त मंत्री जी, एक मिनट। One minute. ...(*Interruptions*)... Mr. Ramesh, Mr. Venkatesh, Mr. Mohan Rao and Madam, please go to your seats. Please hear my advice. Please go to your seats. Just hear what I am going to say. ...(*Interruptions*)... वित्त मंत्री जी, एक मिनट। Hon. Members, I have something to say to the House and then, the Finance Minister will reply to the Budget and he has some Resolution also to move.

I am saying this with a heavy heart. I hope everybody understands it.

We are coming to the end of the first part of the 245th Session of the Rajya Sabha today and we shall be meeting again after about a month to continue our discussions on the Budget. I must confess that I am deeply pained at the way this Session has progressed. As the Chairman, it is my responsibility because at the end of the day, I am accountable to the people. They will see how the House is conducted, how discussions have gone on. What I am deeply disturbed with is the utter disregard for the parliamentary procedure and the unruly behavior so unbecoming of the high position we occupy in the society as parliamentarians. Dear Members, the question I have been asking myself, and probably many Indians watching us on the television screens would be thinking of, is this: Can we ever make our Parliament an effective instrument of change through informed debates, constructive criticisms and orderly proceedings? I was hoping that we shall collectively strive to uphold and maintain the dignity, sanctity and supremacy of Parliament as we had pledged in 2012 to commemorate the 60th Anniversary of the sitting of the Parliament. I shall still keep hoping that we shall exercise the necessary restraint and behave

* Not Recorded.